

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर, बुधवार 13 मार्च 2024 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-03 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-344 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


# भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो खैर नहीं: मुख्यमंत्री साय

» साय ने वर्चुअली समीक्षा बैठक में कलेक्टर-एसपी को दिखाए कड़े तेवर

» लापरवाही बर्दाश्त नहीं, मेहनत करने की जरूरत

**रायपुर 13 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कलेक्टर एसपी की वर्चुअली कांफ्रेंस ली.चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी भी मौजूद थे. साथ ही साथ आईजी और कमिश्नर भी कॉन्फ्रेंसिंग में जुड़े हुए थे. कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कड़े तेवर दिखाये। उन्होंने कलेक्टरों को दो टूक कहा है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों के मुद्दे पर संजीदगी दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई के भी निर्देश उन्होंने दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को बेवजह दफ्तर के चक्कर न लगवाये जाए, वहीं राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करें, कामों को टालने वाली पुरानी व्यवस्था को तत्काल बदलने की नसीहत भी मुख्यमंत्री ने दी है। वही भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कड़े तेवर दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी जिले से अगर भ्रष्टाचार की शिकायत आती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदारियों पर कहा कि पुलिस और प्रशासन के कामों पर वो स्वयं नजर रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टर, एसपी को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने कहा कि नागरिकों के काम समय सीमा के भीतर होने चाहिए।

कलेक्टर एसपी की तारीफ जनता के द्वारा शासन तक पहुंचनी चाहिए, डीएमएफ का उपयोग क्षेत्र के विकास के लिए होना चाहिए, पहले डीएमएफ का बहुत दुरुपयोग हुआ है,डीएमएफ का दुरुपयोग होने पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना का सही क्रियान्वयन किया जाए.

# 22,217 बांड खरीदे गए, 22,030 हुए कैश

## एसबीआई ने हलफनामा दाखिल कर सुको को दी जानकारी




**नई दिल्ली, 13 मार्च.** भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बांड मामले में सुप्रीम कोर्ट में अनुपालन हलफनामा दायर किया है। इसने अदालत को यह भी बताया कि 1 अप्रैल, 2019 से 15 फरवरी, 2024 की अवधि के दौरान कुल 22,217 बांड खरीदे गए, जिनमें से 22,030 चुनावी बांड भुनाए गए।

हलफनामा बैंक के मुख्य प्रबंध निदेशक दिनेश खारा द्वारा दायर किया गया था। एसबीआई ने कहा कि चुनावी बांड की राशि को चुनावी दलों द्वारा 15 दिनों की वैधता अवधि के भीतर भुनाया नहीं गया था, बल्कि इसे प्रधान मंत्री राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया था। हलफनामे में एसबीआई ने कहा कि उसके पास तैयार रिकॉर्ड हैं जिसमें खरीद की तारीख, मूल्यवर्ग और खरीदार का नाम दर्ज किया गया था और राजनीतिक दलों के संबंध में नकदीकरण की तारीख और भुनाए गए बांड के मूल्यवर्ग दर्ज किए गए थे। उपरोक्त निर्देशों के सम्मानजनक अनुपालन में 12 मार्च, 2024 को व्यावसायिक घंटों की समाप्ति से पहले, इस जानकारी का एक रिकॉर्ड डिजिटल रूप (पासवर्ड संरक्षित) में हाथ से वितरित करके भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को उपलब्ध कराया गया था। भारतीय स्टेट बैंक ने यह भी कहा कि प्रत्येक चुनावी बांड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बांड का मूल्य प्रस्तुत किया गया है। चुनावी बांड के नकदीकरण की तारीख, राजनीतिक दलों का नाम जिन्होंने अंशदान प्राप्त कर लिया है, और उक्त बांड का मूल्यवर्ग भी प्रस्तुत कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, एसबीआई ने कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए चुनावी बॉन्ड का ब्योरा चुनाव आयोग को सौंप दिया है. एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किश्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड जारी किए हैं।

# हायर ज्यूडिशियल सर्विस के कई जजों का तबादला

**बिलासपुर, 13 मार्च।** हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने हायर ज्यूडसियल सर्विस के 41 से अधिक जजों का तबादला आदेश के साथ ही लॉ ऑफिसर्स के प्रभार में बदलाव भी किया है. जारी आदेश के मुताबिक उच्च न्यायिक सेवा के अफसर बलराम प्रसाद वर्मा को रजिस्ट्रार विजिलेंस की जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं, दुर्ग के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी को हाईकोर्ट की स्थापना शाखा में छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी बिलासपुर के निदेशक के रूप में स्थानांतरित कर पदस्थापना दी गई है.

जारी आदेश के तहत रजिस्ट्रार (आई एंड ई) बलराम प्रसाद वर्मा को हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार (सतर्कता) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है. राजनांदगांव के जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार को हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार (आइ एंड ई) की जिम्मेदारी दी गई है. दुर्ग के चतुर्थ अतिरिक्त सत्र एवं जिला सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार वर्मा को हाईकोर्ट के स्थापना शाखा में अतिरिक्त रजिस्ट्रार के पद पर पदस्थ किया गया है. कोरबा जिले के कटघोरा में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वेन्सेस्लास टोप्पो को हाईकोर्ट के स्थापना शाखा में रजिस्ट्रार (कम्प्यूटरीकरण) के पद पर तबादला किया गया है. मनेंद्रगढ़ के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट के आनंद प्रकाश दीक्षित का भी हाईकोर्ट के स्थापना शाखा और राज्य न्यायिक अकादमी में अतिरिक्त निदेशक बनाया गया है. हाईकोर्ट ने हायर ज्यूडिशियल सर्विस के चार एडिशनल सेशन जजों को स्पेशल जज के रूप में पदस्थ कर ट्रांसफर किया है. इसमें दुर्ग के एडिशनल सेशन जज संजीव कुमार टामक को दुर्ग, रायपुर के कमर्शियल कोर्ट के जज जयदीप गर्ग को कोरबा, बेमेतरा के एडिशनल सेशन जज पंकज कुमार सिन्हा को रायपुर, अंबिकापुर के एडिशनल सेशन जज मनोज कुमार सिंह को अंबिकापुर में ही पदस्थ किया गया है. हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने हायर ज्यूडिसियल सर्विस के 34 जजों का ट्रांसफर आदेश भी जारी किया है. इसके तहत दुर्ग, रायपुर, कोरबा, जगदलपुर, भाटापारा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के लोअर कोर्ट में पदस्थ एडिशनल सेशन जज शामिल हैं. हाई कोर्ट ने 40 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के तबादले भी किए हैं. बलराम प्रसाद वर्मा को हाई कोर्ट का रजिस्ट्रार विजिलेंस नियुक्त किया गया है. अब तक वे प्रभार संभाल रहे थे. वहीं, ज्युडिशियल एकेडमी की डायरेक्टर सुषमा सावंत राजनांदगांव की जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाई गई हैं. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियल को सूरजपुर में एडीजे बनाया गया है.

## बकरियों की चोरी कर भागते समय पलटी कार

**जशपुर, 13 मार्च।** सरगुजा क्षेत्र में लगातार बकरी चोरी का मामला सामने आते रहता है. ऐसे बकरी चोर गिरोह का पर्दाफाश ग्रामीण ही कर देते हैं और पकड़ने पर बेदम कुटाई कर देते हैं. ऐसा ही फिर एक वाकया जशपुर जिले में हुआ है. यहां दुलदुला क्षेत्र में बकरी चोरी करने वाले बदमाशों को जब ग्रामीणों से घेर लिया तो सभी अपनी जान बचाने के लिए सिर पर पैर रखकर भाग गए. आरोपी कार में भर कर ग्रामीणों के मवेशियों की चोरी करते थे. जिनमें से दो शातिर बदमाश मंगलवार को एकाएक बड़ी उलझन में फंस गए. जानकारी के अनुसार, दुलदुला के समीप एक सुनसान जगह से चरवाहों के दो बकरी को कार में भरकर भाग रहे चोरों की वाहन अचानक असंतुलित होकर पलट गई. बदमाशों ने पलटी हुई कार को आनन-फानन में सीधा तो कर लिया लेकिन वे बाईक से पीछा कर रहे ग्रामीणों से नहीं बच पाए. चोरों का पीछा कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचकर शोर मचाने लगे. इससे बचने के लिए दोनों बदमाश चोरी के बकरी सहित वाहन छोड़कर जंगल में भाग गए. जिसके बाद घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी. फिलहाल, तपकरा थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

# स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में सीएम साय का महत्वपूर्ण कदम

## भारत पेट्रोलियम कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र में करेगा 100 करोड़ का निवेश

**रायपुर, 13 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. मुख्यमंत्री अपने निवास कार्यालय में उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में नगर पालिका निगम रायपुर और नगर पालिका निगम भिलाई में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन संयंत्र की स्थापना के लिए किए गए त्रिपक्षीय समझौते के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.

कार्यक्रम में रायपुर और भिलाई नगर निगम में 100-150 टन प्रति दिन क्षमता के नगरीय ठोस अपशिष्ट पर आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए भारत सरकार के उपक्रम भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, राज्य के नगर पालिक निगम रायपुर और भिलाई तथा छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए. समझौते पर छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड मुंबई के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग सारावगी, नगर पालिका निगम रायपुर के कमिश्नर अविनाश मिश्रा और नगर पालिका निगम भिलाई के कमिश्नर देवेश कुमार ध्रुव ने हस्ताक्षर किए. इस अवसर पर संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक अवसर है. जब स्वच्छ राज्य और स्वच्छ ऊर्जा के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं. उन्होंने कहा कि स्थापित होने वाले दो कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों में लगभग 200 से 250 मीट्रिक टन नगरीय ठोस अपशिष्ट का उपयोग प्रतिदिन जैव ईंधन के उत्पादन में किया जाएगा. भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा राज्य में इन दो संयंत्रों की स्थापना के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा.

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संयंत्रों की स्थापना से राज्य में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 60 हजार मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार का सृजन होगा. रोजगार के अवसर बढ़ेंगे. कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों में पूर्ण क्षमता से उत्पादन और विक्रय होने पर राज्य को प्रतिवर्ष 45 लाख रुपए का जीएसटी प्राप्त होगा. साथ ही संयंत्र में सह-उत्पाद के रूप में जैविक खाद होगा. इससे छत्तीसगढ़ में जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा. कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों की स्थापना से राज्य शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ेगा. मुख्यमंत्री ने समझौते में शामिल सभी पक्षों को बधाई और शुभकामनाएं दी.

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार अग्रसर है. इस परियोजना से हमारे नागरिकों को स्वच्छ ऊर्जा के साथ रोजगार के भी अवसर मिलेंगे. नगरीय प्रशासन और विकास विभाग इस परियोजना के प्रत्येक चरण में पूर्ण सहयोग और संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं. डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से भारत सरकार की योजनाओं का सतत लाभ रायपुर और भिलाई शहर के नागरिकों को प्रदान किए जा रहे हैं. इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, ऊर्जा विभाग के सचिव पी. दयानंद, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव बासवराजू एस., भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड मुंबई के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

# भारतीय मूल की 7वीं पीढ़ी के मॉरीशसवासियों को मिलेगा ओओआईसी कार्ड : द्रौपदी मुर्मू



**पोर्ट लुईस, 13 मार्च।** अंग्रेजों के द्वारा कभी गन्ने की खेती से मॉरीशस ले जाए गए भारतीयों की संतानों को भारत ने बड़ी सौगात दी है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 11 मार्च को मॉरीशस में भारतीय मूल के 7वीं पीढ़ी के व्यक्तियों को भारत की विदेशी नागरिकता (ओसीआई) कार्ड देने के लिए एक विशेष प्रावधान को मंजूरी दे दी है.

राजधानी पोर्ट लुइस में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'खून का रिश्ता' का मैंने पहले उल्लेख किया था, मुझे आप सभी को यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है. विशेष प्रावधान जिसके तहत भारतीय मूल के 7वीं पीढ़ी के मॉरीशस निवासी भी भारत के विदेशी नागरिक कार्ड (ओसीआई कार्ड) के लिए पात्र होंगे. उन्होंने कहा, इससे भारतीय मूल के कई युवा मॉरीशसवासी भारत के विदेशी नागरिक बन सकेंगे और अपने पूर्वजों की भूमि से फिर से जुड़ सकेंगे. राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने भाषण के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं के माध्यम से मॉरीशस को भारत के समर्थन पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच स्थायी संबंध समृद्ध और चुनौतीपूर्ण दोनों समय में एकजुटता दिखाते हैं. मेट्रो परियोजना, नया ईएमटी अस्पताल, नया सुप्रीम कोर्ट भवन, नया सौर ऊर्जा संयंत्र, और कई अन्य भारत-सहायता प्राप्त विकास परियोजनाएं सभी मॉरीशस के कल्याण का समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता के दृश्य प्रतीक हैं. उन्होंने कहा, भारत के प्रमुख प्रवासी कार्यक्रम, पिछले जनवरी में इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस में मॉरीशस का बड़ा प्रतिनिधिमंडल और हमारे जी20 की अध्यक्षता के दौरान मॉरीशस की भागीदारी इसका प्रमाण है. राष्ट्रपति मुर्मू ने मॉरीशस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई हालिया पहलों को भी रेखांकित किया, जिसमें यूपीआई और रुपे कार्ड निपटान प्रणाली की शुरूआत भी शामिल है. इसके अलावा अन्य उल्लेखनीय परियोजनाओं में एक नई हवाई पट्टी, एक जेटी का उद्घाटन और अगालेगा में छह सामुदायिक विकास परियोजनाएं शामिल हैं. इसके अतिरिक्त, मॉरीशस को सस्ती उच्च-आनुवंशिक दवाओं की आपूर्ति करने की पहल की घोषणा की गई है.

# राष्ट्रीय जनसभा पार्टी ने की प्रत्याशियों की घोषणा



**रायपुर 13 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखमूराम टंडन के मुख्य आतिथ्य एवं रामप्रसाद कोशले प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशानिर्देश पर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यगण आत्मादास माहेश्वरी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, एस आर बंजारे (पूर्व जज) राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रभारी छ.ग., रिझेन्द्र डहरिया प्रदेश महासचिव, लोकप्रकाश ओगरे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विष्णु बारले प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, कुलेश्वर कुर्रे जिला अध्यक्ष बेमेतरा, कमल बांचे जिला अध्यक्ष कवर्धा, शत्रुहन बारले ब्लॉक अध्यक्ष आरंग, विमल बारले एवं अन्य सदस्य उपस्थित हुए। छत्तीसगढ़ राज्य की सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई. क्षेत्र क्र. लोकसभा क्षेत्र का नाम प्रत्याशी का नाम सरगुजा (अजजा) से भगवान सिंह टेकाम, रायगढ़ (अजजा) रमाकांत सिंह पोया, जांजगीर चांपा (अजा) एसआर बंजारे (पूर्व जज), कोरबा सुमन खांडे, बिलासपुर लोकप्रकाश ओगरे (पूर्व रेंजर), राजनांदगांव लाखन सिंह, दुर्ग सुखदेव टंडन, रायपुर लखमूराम टंडन, महासमुंद तामेश्वर साहू, बस्तर (अजजा) जगनाथ नेताम, कांकेर (अजजा) डायमंड नेताम.

# प्रदेश के खिलाड़ियों का सम्मान 14 को

**रायपुर, 13 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में गुरुवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मौजूदगी में प्रदेश के खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा. खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने अलंकरण समारोह के आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा कि 6 साल बाद फिर से सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अलंकरण समारोह का आयोजन कल (गुरुवार) होगा. प्रदेश के खिलाड़ियों को अलंकृत किया किया जाएगा. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे.



सरकार के तीन महीने पूरे होने पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी गारंटी मोदी की है. काफी कम समय में मोदी की गारंटी को पूरा करने में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सफल हुए हैं. बीजेपी की सरकार जब से आई है, तब से छत्तीसगढ़ में खुशहाली आई है. लोग दीपावली त्योहार की तरह मना रहे है. लगातार लोगों के खाते के पैसा जा रहा है. बीजेपी जो कहती है कि वो करती है. बीजेपी द्वारा लगातार कांग्रेस प्रत्याशियों के पोस्टर जारी करने पर टंकराम वर्मा ने कहा कि सभी पोस्टर देखा नहीं हूँ. सिर्फ का जांजगीर का देखा हूं, जो शिव डहरिया में पांच साल के में छवि बनाई है, छवि को लेकर गये है. उनकी इस छवि को बताना जरूरी है. वहीं कांग्रेस द्वारा 5 प्रत्याशियों का ऐलान अब तक नहीं कर पाने पर टंकराम वर्मा ने कहा कि कांग्रेस में हताशा और निराशा है. सबको पता है कि वो ठीक नहीं पाएंगे. धरपकड़ कर लोगो को लड़ाया जा रहा है. शुरुआत खराब है, तो परिणाम भी खराब होगा.

वहीं कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत द्वारा सरोज पांडेय को बाहरी बताने पर मंत्री ने कहा कि सरोज पांडेय राष्ट्रीय स्तर की नेता है. उनका कद बड़ा है, उनके (ज्योत्सना महंत) कहने से कुछ नहीं होगा. वो बहुत बड़ी काबिलियत है आसानी से कोरबा भी जीतेंगे.महतारी वंदन योजना में महिलाओं को लेकर हो रही परेशानी पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि कुछ तकनीकी कारणों से कुछ महिलाओं के खाते में पैसा नहीं पहुंचा है. महिला एवं बाल विकास विभाग ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है. व्यवस्था सुधार लेंगे. सभी पात्र महिलाओं तक पैसा पहुंचेगा, थोड़ा देर जरुर होगा.

# अग्नि-5 की रेंज में आया बीजिंग तो चीन भी मानने लगा भारत को बॉस

**नई दिल्ली, 13 मार्च.** श्री रामचरित मानस में तुलसी दास की कही गई पंक्तियां भय बिनु होइ न प्रीति भारत के पड़ोसी देश के ऊपर एकदम सटीक बैठती है। चीन जो अपनी सेना को लेकर बड़ी-बड़ी डींगे हाका करता था। अग्नि-5 की ताकत ने उसकी चिंता को कई गुणा बढ़ा दिया है। भारत के अग्नि-5 के परीक्षण के बाद चीन में हड़कंप मचा हुआ है। इस परीक्षण के बाद चीन ने माना है कि भारत मिसाइल तकनीक का बड़ा खिलाड़ी बन चुका है। इस सफल परीक्षण के बाद चीन के सुर भी अब बदले-बदले नजर आ रहे हैं। चीन के सरकारी भोंपू यानी की ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि पश्चिमी देश एशिया की दो शक्तियों के बीच दुश्मनी बढ़ाना चाहते हैं। ग्लोबल टाइम्स ने भारत से एमआरआईवी तकनीक की सफलता के साथ रणनीतिक संयम बनाए रखने की अपील की है। बीजिंग से लेकर शंघाई तक भारत के दिव्यास्त्र की चर्चा हो रही है। जिस अग्नि-5 की रेंज में पूरा चीन आ चुका है। चीन के मुखपत्र में उसके परीक्षण और उसकी ताकत का बखान किया जा रहा है।

ग्लोबल टाइम्स ने अपने लेख में लिखा कि भारत एक दशक से अधिक समय से अपनी अग्नि श्रृंखला की मिसाइलों का विकास और परीक्षण कर रहा है। भारत न केवल अपने बैलिस्टिक मिसाइल हथियारों में बल्कि एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलों और अंतरिक्ष उड़ानों दोनों के लिए आधुनिक एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में भारत एयरोस्पेस में प्रगति कर रहा है और इस वर्ष पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान शुरू करने की योजना भी बना रहा है। अग्नि-5 मिसाइल के सफल पहले उड़ान परीक्षण का जिक्र करते हुए ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि भारतीय समाचार एजेंसी एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में वायु सेना के पूर्व उप प्रमुख एयर मार्शल शिरीष बबन देव (सेवानिवृत्त) ने कहा कि यह एक स्पष्ट संदेश देता है कि देश अब हर चीज के लिए तैयार है। हमें अकेला छोड़ दो, हमें परेशान मत करो और अगर तुम हमें परेशान करोगे, तो मुसीबत तुम्हारे पास आएगी जिसे तुम संभाल नहीं सकते।

भारत ने अपने मिशन दिव्यास्त्र के तहत 'मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) प्रौद्योगिकी के साथ स्वदेश विकसित अग्नि-5 मिसाइल का सोमवार को पहला सफल उड़ान परीक्षण किया और वह ऐसी क्षमता रखने वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से परीक्षण की गई मिसाइल निर्धारित मापदंडों पर खरी उतरी है। 'मिशन दिव्यास्त्र' के परीक्षण के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास एमआईआरवी क्षमता है। यह सुनिश्चित करेगा कि एक ही मिसाइल विभिन्न स्थानों पर कई आयुध तैनात कर सके।

## संक्षेप

### आईपीएस राहुल भगत को मिला सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर, 13 मार्च।** राज्य शासन ने भारतीय पुलिस सेवा के



अधिकारी राहुल भगत को सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है. बता दें कि हाल ही में साय सरकार ने इस विभाग का गठन किया है. राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम संभव उपयोग और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य प्रशासन में पृथक रुप से एक नए सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है. इस विभाग के गठन से बेहतर प्रशासन के साथ जनता तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जाएगी. डिजिटल गवर्नेंस के तहत प्रशासन के सभी स्तरों पर डिजिटलाईजेशन को बढ़ावा देते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी. नये विचारों एवं क्रिया विधि के संबंध में शोध और प्रशासनिक सुधार के कार्य किए जाएंगे. विभाग द्वारा राज्य में सुशासन के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए सुशासन फेलोशिप और मुख्यमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा. इस विभाग के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण शिक्षण संस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग आएंगे.

### एनआईए के आवासीय परिसर का उद्घाटन 14 को

**रायपुर, 13 मार्च.** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के आवासीय परिसर का गुरुवार शाम 5 बजे उद्घाटन किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन करेंगे. यह कार्यक्रम सेक्टर 30 अटल नगर नवा रायपुर में आयोजित है।

### गुजरात तट के पास पकड़ाई 480 करोड़ की ड्रग्स

**6 पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार**

**पोरबंदर, 13 मार्च।** गुजरात एटीएस, भारतीय तटरक्षक बल और एनसीबी ने एक संयुक्त अभियान में भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ छह पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है. रक्षा मंत्रालय के मुताबिक गिरफ्तार पाकिस्तानियों के पास से बरामद ड्रग्स की कीमत 480 करोड़ रुपये आंकि गई है. बता दें कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक गुजरात एटीएस, भारतीय तटरक्षक बल और एनसीबी ने मिलकर 3,135 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है. मंत्रालय के मुताबिक, एजेंसियों से विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने पर भारतीय तट रक्षक ने 11 मार्च को ही अपने जहाजों को अरब सागर में तैनात कर दिया था. आईसीजी ने अपने डोर्नियर विमान को संभावित क्षेत्रों में नाव की पहचान करने और उसका पता लगाने का काम भी सौंपा था. इलाके में गहन तलाशी के बाद एनसीबी और गुजरात एटीएस की टीम के साथ आईसीजी के जहाज मौके पर पहुंचे और अंधेरे में संदिग्ध रूप से जा रही नाव की पहचान की.

### 12 वीं की छात्रा ने दिया बच्चे को जन्म

**बीजापुर, 13 मार्च.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पोटाकेबिन हाई स्कूल में एक और बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक इस स्कूल में पढ़ने वाली 12वीं की छात्रा गर्भवती पाई गई है. छात्रा ने बुधवार (13 मार्च) को एक बच्चे को जन्म दिया है. ये मामला जिले के गंगालूर आवासीय विद्यालय का है. छात्रा को पेट दर्द की शिकायत के बाद बीती रात गंगालूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था.

एक नजर

## निगम के वार्डों में शेड और सीसी रोड निर्माण का महापौर ने किया भूमिपूजन



**भिलाई।** भिलाई चरोदा नगर निगम के वार्डों में शेड और सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। महापौर निर्मल कोसरे ने मंगलवार को भूमिपूजन कर इन विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान वार्ड वासियों ने कार्य शुरू होने से खुशी के साथ महापौर का आभार व्यक्त किया। महापौर निर्मल कोसरे ने अपनी निधि से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। वार्ड क्रमांक 17 गायत्री मंदिर में 2 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 01 इंदिरा नगर हथखोज 5 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 03 अकलोर डीह में 5 लाख रुपए से सीसी रोड एवं उद्यान निर्माण, वार्ड क्रमांक 04 शीतला मंदिर के पास 5 लाख रुपए से अतिरिक्त कक्ष निर्माण, वार्ड 07 में 5 लाख की लागत से शेड निर्माण एवं वार्ड क्रमांक 08 में 5 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य दीप्ति आशीष वर्मा, संतोषी निषाद, भूपेंद वर्मा, सचेतक टेनेंद्र ठाकरे, पार्षद संतोष तिवारी, ठामेश्वरी साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, पूर्व पार्षद बहल राम साहू, पप्पू चंद्राकर, इंद्रजीत यादव, युवराज कश्यप, विनोद निषाद एवं बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

### समय पर वेतन ने मिलने पर युवक ने खुदकुशी की

**भिलाई ।** भिलाई स्थित जेपी सीमेंट में काम करने वाले 22 वर्षीय युवक ने समय पर वेतन नहीं मिलने की वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। बताया जा रहा है कि सतना निवासी सत्यम भिलाई स्थित जेपी सीमेंट फैक्ट्री में काम करता था और उसकी नौकरी सतना में सीमेंट फैक्ट्री को दी गई, लेकिन प्रबंधन ने सतना से उसे भिलाई भेज दिया और यहां कई महीनों से वेतन नहीं मिल रहा था भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि हॉस्टल के ही लोगों ने सत्यम के फांसी लगाने की सूचना दी थी पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है सेक्टर 6 में जेपी सीमेंट फेक्ट्री के हॉस्टल में रहने वाले अन्य कर्मचारियों ने बताया कि यहां कई साल पहले प्रोडक्शन बंद हो चुका है लेकिन कर्मचारियों रखा गया है पर प्रबंधन उन्हें वेतन नहीं दे पा रही थी।

### काम के दौरान करंट लगने मजदूर की मौत

**भिलाई।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत एक फेब्रिकेशन कंपनी में काम करने के दौरान एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक सोमवार को पहले दिन काम पर आया था फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि घटना मिनीमाता नगर नेवई निवासी अरुण कुमार साहू (21 वर्ष) सोमवार को अपने साथी के साथ पहले ही दिन काम पर गया था। काम के दौरान कंपनी के अंदर हाइड्रा मशीन में करंट आ गया और इसकी चपेट में अरुण आने से गंभीर अवस्था में झुलस गया आनन-फानन में अरुण को अस्पताल ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई।

### सूने घर में लाखों की चोरी

**भिलाई।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के अनुष्का रेसीडेंसी स्थित एक मकान में बीते सात से 11 मार्च के बीच चोरी की घटना हुई है शिकायतकर्ता जागृति साहू अपने दोनों बच्चों के साथ अपने मायके ग्राम सर्रागोंदी खैरागढ़ गई थी।

11 मार्च को पड़ोसी से मकान का ताला टूटे होने की जानकारी मिलने पर वह घर वापस आई और देखा तो अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण, चांदी के सिक्के गायब थे इसके बाद महिला ने स्मृति नगर चौकी में जाकर घटना की जानकारी दी चोरी गए सामान की कीमत करीब छह लाख आंकी गई है।

# पार्षद मनहरण कौशिक बने कार्यवाहक नगर पालिका अध्यक्ष, भाजपा में खुशी और कांग्रेसियों में निराशा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 13 मार्च।** नगर पालिका परिषद कवर्धा में वार्ड क्रं. 25 के निर्वाचित पार्षद श्री मनहरण कौशिक ने आज नगर पालिका कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण किया। विदित हो कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद से यह पद रिक्त था। नगर पालिका अध्यक्ष पद रिक्त होने के कारण मूलभूत सुविधा संबंधी व अन्य विकास कार्यो के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिसकी पद पूर्ति करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर ने श मनहरण कौशिक कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनित किया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 11.03.2024 को नगर पालिका परिषद कवर्धा अध्यक्ष रिक्त पद की पूर्ति करते हुए वार्ड क्रं. 25 के पार्षद श्री मनहरण कौशिक को नगर पालिका कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में मनोनित किया गया है। श्री कौशिक ने आज नगर पालिका सभाकक्ष में शहर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा ने अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण उपरांत उन्होनें उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी के मार्गदर्शन में कवर्धा शहर के विकास हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होनें कहा कि मैं जनसेवक के रूप में नगर हित के लिए कार्य करूंगा। जनहित हेतु मेरे समक्ष लाये गये सभी सुझावों व कार्यो को प्राथमिकता से करने का संकल्प लेता हूं। उन्होनें कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनित किये जाने हेतु उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला भाजपाध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व विधायक डॉ.सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, श्री नितेश अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, भाजपा प्रवक्ता जसविंदर बग्गा, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, शहर मंडल उपाध्यक्ष श्रीकांत उपाध्याय, जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू, जिला भाजयुमो महिला अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, पार्षद उमंग पांडे, प्रमोद शर्मा, पवन जायसवाल, श्रीमती मनीषा अनिल साहू, अनिता देवा साहू,सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि विजय पाली, पूर्व पार्षद श्रीमती मधु तिवारी, रितु देसाई, विजय लक्ष्मी तिवारी, पियूष ठाकुर, पियूष राजा टाटिया, जितेन्द्र दोषी, सहित अधिक संख्या में गणमान्य नागरिक गण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनी सीमा अनंत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और महिला प्रदेश अध्यक्ष फूलो देवी नेताम के द्वारा योग्य एवं सक्रिय महिलाओ को नई जिम्मेदारी दी गई है । इसी के मद्देनजर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा अगम अनंत को जिला महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली । नई जिम्मेदारी मिलने के पश्चात जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष सीमा अगम अनंत ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम को गुलदस्ता भेंट कर आभार व्यक्त किया । जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत ने पहली प्राथमिकता रहेगी राजनांदगांव लोकसभा में भूपेश बघेल भैया को सांसद बनाना और बीजेपी को हराना । पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर से सौजन्य , पूर्व क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल , जिला कांग्रेस होरी राम साहू , पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरी राम साहू , पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गंगोत्री योगी , शहर अध्यक्ष रानू दुबे , जिला उपाध्यक्ष विजय पांडेय , नारायणी , विद्या साहू , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल , ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर , प्रभाती मरकाम , सतीश गहरवार , पूर्णिमा चंद्राकर , राजमहंत शिवप्रसाद डिंडोरे , तारिणी ठाकुर , मनीष शर्मा , पारस बंगाली , हरचरण खनूजा , दुलाखन दाऊ , कमलेश , सतीश गहरवार , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बाबूदास गोंड सहित सैकड़ों कार्यकर्ता ने गुलदस्ता भेंटकर फोन करके नए जिलाध्यक्ष सीमा अनंत को बधाई दी ।

### भिलाई इस्पात संयंत्र की बहुभाषीय नाट्य स्पर्धा का शुभारंभ

**भिलाई, 13 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधायें विभाग द्वारा प्रतिवर्षानुसार चार दिवसीय प्रतिष्ठित बहुभाषीय नाट्य स्पर्धा का शुभारंभ, नेहरू सांस्कृतिक भवन, सेक्टर 1 में 12 मार्च को किया गया। इस नाट्य प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सहायक महाप्रबंधक ओ प्रेम सागर एवं उप-प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह नाट्य प्रतियोगिता लगभग 50 से भी अधिक वर्षों से आयोजित की जा रही है। चार दिनों तक चलने वाली इस बहुभाषीय नाट्य स्पर्धा में प्रवेश निःशुल्क रखी गयी है, जिसमें दुर्ग-भिलाई क्षेत्र की कुल 17 नाटक मंडलियां शिरकत कर रहीं हैं। जहां प्रतिदिन मध्याह्न 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक पांच नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे।

## रानू दुबे के तीसरी बार शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में हर्ष



**कवर्धा, 13 मार्च।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी एवम् प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने वाली कांग्रेस नेत्री श्रीमती रानू दुबे को तीसरी बार शहर की कमान सौंपी गई रानू दुबे की हैट्रिक अध्यक्ष नियुक्ति से महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओ की हौसला फिर बुलंद नजर आ रही है रानू दुबे 2018,के विधानसभा चुनाव,नगर पालिका चुनाव में महिला कांग्रेस की जिला सचिव पद पर संगठन में रहकर दमदार भूमिका निभाते हुए कांग्रेस को मजबूत की,थी उनकी इन्ही सक्रियता को देख कर लगातार शहर जिला अध्यक्ष पद से समानित कर पूर्व में छ . ग. शासन के कृषि उपज मंडी में भी सदस्य पद से सम्मानित की गई थी,,रानू दुबे के तीसरी बार शहर अध्यक्ष बनने से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री कन्हैया अग्रवाल जी, होरी साहू,राजकुमार तिवारी ,नीलकंठ साहू,ऋषि शर्मा, चोवा साहू,,टेक सिंग चंद्रवंशी,मुकुंद माधव कश्यप,ईश्वर शरण वैष्णव ,विजय पांडे,शेख अनवरी,सीमा अगम,नारायनी टोंडर,रचना कोसले,रामेश्वरी चौहान,टुकेश्वर साहू, पदुम सेन,त्रिवेणी मानिकपुरी,मुस्कान,तानसेन चौधरी,संजय लिखाटे,रोशनी मेरावी,मुकेश सिन्हा,विजय चंद्रवंशी,आदि हजारों कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाए एवम् बधाईयां दी।

### सेलूद में आयोजित समारोह में शौचालयों व सोलर पंपों का किया हस्तांतरण



भिलाई, 13 मार्च । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत मूलभूत सुविधाओं की प्रतिपूर्ति हेतु स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, सेलूद में निर्मित सोलर ड्यूल पंप तथा शौचालयों का हस्तांतरण किया गया। निर्माण कार्यों का हस्तांतरण भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले ने की। इसके साथ ही सहायक महाप्रबंधक के के साहू, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडे, उप प्रबंधक कमलकांत वर्मा, प्राचार्य नरेन्द्र देशहर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## महिला सेल ने विद्यार्थियों को सुरक्षा के संबंध में कानून की जानकारी दी



**कवर्धा, 13 मार्च।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में एवं उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह परिहार के निर्देशानुसार महिला सेल कबीरधाम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अभिव्यक्ति ऐप के बारे में आज दिनांक 11/03/24 को स्वामी विवेकानन्द अकादमी कवर्धा में महिला सेल कबीरधाम द्वारा अकादमी के अध्यनरत विद्यार्थियों को सउनि विजया कैवर्त के द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा के संबंध में कानूनी अधिकार, घरेलू हिंसा, साइबर क्राइम, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, छेड़छाड़, यातायात नियमों का पालन, गुड टच बैड टच अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी गई, व अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया गया। कार्यक्रम में महिला सेल कबीरधाम से सउनि विजया कैवर्त आर. चंद्रशेखर चंद्राकर महिला आरक्षक रजनी टोप्पो व काउंसलर सीमा रानी कुर्रे मैडम व अकादमी से आर. विक्की चंद्रवंशी सत्यवीर सिंह, महिला आरक्षक नंदिनी, तुलसी चंद्रवंशी रीना शर्मा दानेशवर सिंह परिहार उपस्थित रहे।

# बीमार व्यक्ति से अच्छा व्यवहार एक थेरेपी है:ललित



**रिसाली।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अस्पताल पहुंचे बीमार व्यक्ति से अच्छा व्यवहार करे। यह व्यवहार एक थेरेपी की तरह कार्य करता है। इसके बाद डॉक्टर दवाई दे। आप देखेंगे कि अल्प समय में ही आप के व्यवहार से 80 और 20 प्रतिशत दवा से ठीक हो जाएगा। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कही। उनकी अध्यक्षता में निकुम, रिसाली और उतई सामुदायिक अस्पतालों में गठित जीवनदीप समिति की सामान्य सभा हुई। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित ने कहा कि कार्यक्षेत्र में अनुशासन हिनता बर्तास्त नहीं करेंगे। अगर शिकायत मिलती है तो वे कड़ा रूख अपनाएंगे। चाहे वह रिश्तेदार क्यू न हो। विधायक ने कहा कि ऐसा कोई व्यवहार न करे जिसमें आप को झूठ का सहारा लेना पड़े। गलती हुई तो उसे स्वीकार करें। उन्होंने दो टूक कहा कि चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारियों का काम सेवा करना हैं, अधिकारी कर्मचारी की समस्या के लिए वे बैठे है। जीवनदीप समिति की बैठक में रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरीश साव, उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल जी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत डॉ. देवेन्द्र किशोर बेलचंदन, डॉ. मनीषा ठाकुर, डॉ. नरेन्द्र गोयल, राजेन्द्र वर्मा राजेन्द्र डहरे, विक्रम रामटेके ने किया। बैठक में बी.एम.ओ. डॉ. देवेन्द्र किशोर बेलचंदन ने सामुदायिक, प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केन्द्रों की समस्याओं से अवगत कराया। उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र- जे.डी.एस. कर्मचारियों का वेतन वृद्धी। मरीजों से एक्सरे एवं लैब जांच में न्यूनतम शुल्क लिया जाए, जिससे अनावश्यक जांच पर लगाम लगाया जा सके। नगर पंचायत द्वारा किए जा रहे विकास कार्य बहुत धीमा है। भवन जर्जर है, नवनी भवन की आवश्यकता है। रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र- अस्पताल संचालन के लिए जगह का अभाव। स्थाई भवन के लिए जगह चिन्हित की जाए। सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात किया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम- वाहन पार्किंग (मरीज एवं स्टाफ के लिए)। बी.एम.डब्ल्यू. संग्रहण के लिए 1200 वर्ग फीट कक्ष की मांग। पेयजल संकट को दूर करने नए सिरे से प्लान। गार्डन तैयार करने के लिए मनरेगा से नाली की व्यवस्था। पुरूष शौचालय का मरम्मत शीघ्र कराया जाए। एजेण्डा सुनने के बाद दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि वे समस्याओं को सूचीबद्ध करें। वे शासन से हर स्तर पर चर्चा कर राशि उपलब्ध कराऐंगे। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि रिसाली में 400 बिस्तर का अस्पताल बने। इसके लिए वे जमीन समेत अन्य संसाधन के लिए उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। वैसे भी डबल इंजन सरकार जल्द ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा निर्णय ले रही है। चुनाव के बाद उस पर कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि ऐसे उपस्वास्थ्य केन्द्र की सूची अलग से बनाए जो किराए या फिर अन्य भवनों में संचालित हो रहा है।

### व्यापारी हुआ ठगी का शिकार

**भिलाई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र में स्टार्टअप इंडिया के तहत एक व्यापारी ठगी का शिकार हो गया उसने फूड प्रोसेसिंग प्लांट खोलने की तैयारी शुरू की इसके तहत मशीनरी सेटअप कराने के लिए करीब 40 लाख रुपए अहमदाबाद की कंपनी को दिए, लेकिन कंपनी ने पैसा हड़प लिया रिपोर्ट पर आरोपी अहमदाबाद निवासी कन्हैया सिह व प्रमोद सिंह के खिलाफ धारा 420,34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

### परेवाडीह में संकुल स्तरीय नेवता भोजन का आयोजन

**पाटन,13 मार्च।** शासन के नवपहल कार्यक्रम नेवता भोजन का आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय परेवाडीह में आयोजित किया गया



। जिसमें अपने स्वर्गीय पुत्र डालेश यादव की स्मृति में डा. भागवत प्रसाद यादव एवं.श्रीमती माधुरी यादव द्वारा शाला के बच्चों को पूरी ,खीर व संपूर्ण पौष्टिक भोजन वितरण कर नेवता भोजन प्रदान किया गया। इस अवसर पर खिलावन चौपड़िया (बीआर.सी.) जी एस साहू (संकुल प्राचार्य) अश्विनी साहू (संकुल समन्वयक), रोहित गायकवाड़ (प्रधान पाठक परेवाडीह), महेश साहू, (सहा.शिक्षक) परमेश्वर टंडन(प्रधान पाठक महकाखुर्द), तेजराम कामड़िया(प्रधान पाठक महकाकला), धर्मजीत देवांगन, किशोर कुमार मढ़रिया (शिक्षक महकाकला) सुजीत नारंग (सहा.शिक्षक मुड़पार) जोहनलाल साहू पूर्व प्रधान पाठक परेवाडीह, बिसहत राम यादव कु.अर्चना यादव उपसरपंच कु. नूतन यादव श्रीमती राजकुमारी वर्मा, श्रीमती सुनीता जांगड़े श्रीमती श्यामा यादव श्रीमतीरमशीला निर्मलकर श्रीमती उत्तरा श्रीवास श्रीमती द्रौपती यादव श्रीमती हिरौंदी यादव श्रीमती रिंकी ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति रही।

### गैस सिलेंडर और चूल्हा पाकर खिले महिलाओं के चेहरे, दो वार्डों की 55 महिलाएं लाभान्वित



**भिलाई, 13 मार्च।** भिलाई नगर निगम के वार्ड क्रमांक 31 और 32 की कुल 55 महिलाओं के चेहरे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर और चूल्हा पाकर खिल उठे। आज सुबह साढ़े 11 बजे हाउसिंग बोर्ड में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इन महिलाओं को गैस चूल्हे का वितरण किया। इस अवसर पर लाभान्वित सभी महिलाओं से विधायक रिकेश सेन ने महतारी वंदन योजना की राशि उनके खाता में आने की जानकारी भी ली। उपस्थित सभी महिलाओं ने 1000 रूपये खाते में आने की पुष्टि करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का आभार भी माना। इस अवसर पर वार्ड 31 के विधायक प्रतिनिधि राजेश प्रसाद, वार्ड 32 की विधायक प्रतिनिधि सर्वजीत कौर, अवतार सिंह, नजमा बेगम, प्रतिभा डोंगरे, रुखमणी बाई, गोदावरी बाई, नरेंदर कौर, सर्वजीत, सुरजीत कौर, मनीषा मिश्रा, पूनम धुरिया, ममता कौर, सेतवंतिन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बकाया राशि जमा नहीं की तो गुमटी आवंटन निरस्त

**भिलाई, 13 मार्च ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजनांतर्गत विभिन्न स्थलों पर आबंटित गुमटी के आबंटितो नियमित रूप से अनुज्ञप्ति शुल्क एवं समेकित कर जमा नहीं करने के कारण शेष राशि जमा करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है 28.03.2024 तक अपना बकाया राशि मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रं. 16 में स्वयं उपस्थित होकर बकाया राशि जमा करें अन्यथा आपके आबंटन को निरस्त करने का कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आबंटितो की होगी। बकायादारों की सूची निम्नानुसार हैः- मूक बधिर शाला सुपेला– कन्हैया/स्व. मैनेजनर गु.क्र-01 बकाया राशि 19500, किशुन देवांगन/बुधराम गु.क्र-03 बकाया राशि 33150, मुखत्यार अली/रोशन अली गु. क्र-05 बकाया राशि 34500, कु. कल्पना/धन्नालाल गु.क्र-06 बकाया राशि 34270, रामजी चैहान/कोदू जी गु.क्र-08 बकाया राशि 33150, अब्दुल रशीद/शेख गुलाब गु.क्र-09, गणेश निषाद/तिहारू राम गु.क्र-10 बकाया राशि 31200, धनराज/लक्ष्मण गु.क्र-14 बकाया राशि 33150, दिलीप कुमार/केदार गु.क्र-11 बकाया राशि 31200, शब्बीर हैदर/अब्दुल गु.क्र-13 बकाया राशि 27300, गजेन्द्र/रामपरिक्षण गु.क्र-16 बकाया राशि 31200, संतोष बिन्झलेकर/चैनलाल गु.क्र-17 बकाया राशि 31200, रामाधार शर्मा/अंबिका गु.क्र-18 बकाया राशि 15600, पी. आनन्द राव/पी. चिन्नैया गु.क्र-19 बकाया राशि 31200, अर्जुन चैहान/राजेन्द्र गु.क्र-20 बकाया राशि 31200, भास्कर बिसाई/दुर्योधन गु.क्र-21 बकाया राशि 31200, सुरेश दुबे/साहब राव गु.क्र-22 बकाया राशि 31200, बिन्देश्वरी सोनी/रामकिशन गु.क्र-23 बकाया राशि 11700, टोमनलाल/कालु गु.क्र-24 बकाया राशि 27300, पोखनलाल सेन/बुजलाल गु.क्र-28 बकाया राशि 31200, पंचफुला बाई/स्व बगलूर गु.क्र-32 बकाया राशि 15600, रामबाबू/गयाप्रसाद गु.क्र-38 बकाया राशि 19500, दीपक रावना/स्व. कैलाश गु.क्र-40 बकाया राशि 23400, गंगोत्री देवी/मैनेजर गु.क्र-41 बकाया राशि 19500, अवधेश/स्व. दरमाव गु.क्र-42 बकाया राशि 19500, समीक्षा सिंह/राजेन्द्र सिंह गु.क्र-43 बकाया राशि 19500

नेहरू नगर कार्यालय के पास– हेमराज चैहान/स्व. लक्ष्मण गु.क्र-01 बकाया राशि 25350, अनिल पटले/बाबूलाल गु.क्र-02 बकाया राशि 23400, हरप्रीत भाटिया/गुरमीत भाटिया गु.क्र-05 बकाया राशि 7800, हरावती साहू/रधुनाथ चिन्तामणी साहू गु.क्र-06 बकाया राशि 5850बुनियाद भवन नेहरू नगर– यूसूफ खान/इब्राहिम खान गु.क्र-05 बकाया राशि 19500, सईद खान/इब्राहिम खान गु.क्र-06 बकाया राशि 19500, महबूब खान/इब्राहिम खान गु.क्र-07 बकाया राशि 19500, संतोष निर्मलकर/प्रकाश गु.क्र-08 बकाया राशि 29250, राजेन्द्र बहादुर/टेक बहादुर गु.क्र-09 बकाया राशि 29250, तपन भंज/मधुसूदर गु.क्र-10 बकाया राशि 9750

आकश गंगा सुपेला– शुभा देवी/ओमप्रकाश गु.क्र-01 बकाया राशि 9750, नितिन साखरे/जनार्दन साखरे गु.क्र-01 बकाया राशि 9750मंगल भवन नेहरू नगर– नइमुद्दीन/हमीमुद्दीन गु.क्र-14 बकाया राशि 3900, कुमार प्रसाद/मंगलू राम गु.क्र-16 बकाया राशि 21450, संजय शर्मा/स्व. जे.पी.शर्मा गु.क्र-18 बकाया राशि 21450, संतोष साहू/रामदयाल साहू गु.क्र-20 बकाया राशि 5850, राजाराव/डेरहू राम गु.क्र-21 बकाया राशि 5850, मोहित यादव/रखा यादव गु.क्र-23 बकाया राशि 7800, सरस्वती बाई/देवीदास गु.क्र-36 बकाया राशि 27300, धनीराम/भरोसा गु.क्र-37 बकाया राशि 21450, सीतावृनवन/सीता पिताम्बर गु.क्र-40 बकाया राशि 19500, विकास कुमार/बसंत कुमार गु.क्र-45 बकाया राशि 29250, कार्तिक भोई/जदवा भोई गु.क्र-46 बकाया राशि 29250, दीपक कुमार गुप्ता/रामलाल गु.क्र-49 बकाया राशि 7800, गोवर्धन साहू/रेवाराम गु.क्र-51 बकाया राशि 29250, नितिश कश्यप/स्व. रवि गु.क्र-53 बकाया राशि 29250, विक्रम भंडारी/थम्मन सिंह गु.क्र-54 बकाया राशि 11700, राजेन्द्र सिंह/हमिर सिंह बकाया राशि 5850, भूपेश रंगारी/अमृत रंगारी गु.क्र-57 बकाया राशि 11700, जी. याकुब/सालोमन गु.क्र-58 बकाया राशि 5850, कु.रूखमणी/पूरन प्रसाद गु.क्र-59 बकाया राशि 23400

शासकीय अस्पताल सुपेलाः- धिरेन्द्र कुमार/भुखनलाल गु.क्र-24 बकाया राशि 27300, सदानद वर्मा/केशव वर्मा गु.क्र-25 बकाया राशि 27300, श्यामदास वर्मा/जगदेव वर्मा गु.क्र-26 बकाया राशि 27300, गुनेन्द्र वर्मा/कृष्ण प्रसाद गु.क्र-27 बकाया राशि 27300, कोमलेश्वर वर्मा/एच.आर.वर्मा गु.क्र-28 बकाया राशि 27300, टीला सिंग/कार्तिक सिंग गु.क्र.-29 बकाया राशि 27300, रेखा बागडे/गुलाब राव गु.क्र-33 बकाया राशि 27300

नेहरू नगर चैकः- श्रीनिवास/स्व. विश्वनाथन गु.क्र-01 बकाया राशि 7800, अमित लांड/स्व. दौलत राव गु.क्र-08 बकाया राशि 21450, अनिल सोनी/सर्वदेव सोनी गु.क्र-09 बकाया राशि 9750लक्ष्मी नगर आखेट मार्केटः- टीपक राज/बाबुलाल गु.क्र-04 बकाया राशि 19500, अनुजकुमार/राजदेव ठाकुर गु.क्र-06 बकाया रिश 27300लक्ष्मी नगर सब्जी मार्केट– अंजनी बाई/केशव राव गु.क्र-01 बकाया राशि 21450 गौरव पथ– मंजीत सिंह/सुरजपन सिंह बकाया राशि 23500

### संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय में सुरक्षित मातृत्व पर कार्यशाला आयोजित

**भिलाई, 13 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र में, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत, नर्सिंग छात्रों को शिक्षित करने के उद्देश्य से 9 मार्च को प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा सुरक्षित मातृत्व पर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित किया गया था, जिसमें ओ एंड जी के विभागाध्यक्ष और आरसीएच प्रभारी डॉ एस कामरा का सहयोग रहा। डॉ एम रविन्द्रनाथ ने इस कार्यशाला कि सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

कार्यशाला के दौरान प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के डॉक्टरों द्वारा असामान्य प्रसव, लंबे समय तक प्रसव, प्रसूति आपात स्थिति, सीपीडी, प्रसव प्रेरण, भ्रूणविज्ञान, वासा प्रीविया, कंधे डिस्टोसिया और बर्थ इंजरी के विषयों पर विभिन्न व्याख्यान दिए गए। अतिथि वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त डॉ सुलभा वावरे और डॉ सुनीता अग्रवाल को आमंत्रित किया गया था। साथ ही पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग और श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सहायक प्रोफेसर को बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया था। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रोशन हुसैन द्वारा दिया गया तथा संचालन डॉ हिमानी गुप्ता एवं डॉ प्रभदीप कौर ने किया।

## एक नजर

### पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ने होटल-ढाबा एवं लॉज मालिकों की ली बैठक



**डोंगरगढ़ 13 मार्च।** आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते थाना डोंगरगढ़ में थाना होटल/ढाबा एवं लॉज मालिकों का बैठक आहुत की गई जिसमें क्षेत्र के सभी होटल/ढाबा एवं लॉज मालिक/कर्मचारी उपस्थित हुये। उक्त मीटिंग में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़, आशिष कुंजाम एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सी0आर0 चन्द्रा द्वारा क्षेत्र में होने वाले घटना को रोकने हेतु व आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 को ध्यान में रखते हुये होटल/ढाबा एवं लॉज संचालकों/कर्मचारियों को नियमों का पालन करते हुये होटल/ढाबा एवं लॉज में आने व ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण पता पहचान पत्र सहित, आने-जाने एवं ठहरने के कारण सहित जानकारी रखने एवं रजिस्टर में इन्द्राज करने साथ ही संदिग्ध लगने पर तत्काल थाना को सूचना देने हेतु समझाईस दिया गया है साथ ही होटल/ढाबा एवं लॉज में लगे खराब सीसीटीवी कैमरा को तत्काल ठीक करवाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### ग्राम भर्रीटोला के जंगल में मिला अज्ञात पुरुष का शव

**राजनांदगांव 13 मार्च।** ग्राम भर्रीटोला के कोटवार रितेश लाड़ेकर ने रिपोर्ट दर्ज कराया की इसके गांव के जंगल में कुसुम के पेड में एक अज्ञात पुरुष का शव उम्र लगभग 60 से 65 वर्ष के मध्य है जो सफेद रंग का कुर्ता एवं नीले रंग का लुंगी पहना है जिसकी मृत्यु लगभग 6 से 7 दिन पूर्व होना प्रतीत हो रहा है। जिसका शव सड़ने से चेहरा पहचान में नही आ रहा है शव को शिनाख्ती हेतु जिला मेडिकल कॉलेज राजनादगांव में रखा गया है। जिसका थाना बागनदी में मर्ग क्रमांक 13/24 धारा 174 जा.फो. कायम कर पता तलाश में लिया गया है।

### एमपी के सीएम मोहन यादव ने मां बमलेश्वरी के दर्शन किए

**डोंगरगढ़ 13 मार्च।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज राजनांदगाँव जिले के धर्मनगरी डोंगरगढ़ की धार्मिक यात्रा पर पहुचे जहां उन्होंने विश्व प्रख्यात मां बमलेश्वरी देवी की विधिविधान से पूजा अर्चना कर विश्व मे सुख शांति की कामना की और माता से आशिर्वाद लिया । जिसके पश्चात वें चंद्रगिरी त्रिर्थ स्थल पहुच कर जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि स्थल पर शोक श्रद्धांजलि दी --वही इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज देव तुल्य थे,उनकी कृपा आशीर्वाद हम सब पर बनी रहे,उन्होंने जो मोक्ष मार्ग लिया वे दुनिया की मानव संस्कृति का भला करे। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को किया रिचार्ज



**डोंगरगढ़ 13 मार्च ।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र प्रवास पर थे। जहा उन्होंने ग्राम ढारा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हो भाजपा पर जम कर निशाना साध कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में एकजुट हो कांग्रेस पार्टी के जीत के लिए कार्य करने का दिशा निर्देश देते हुए रिचार्ज किया गया। वही मीडिया से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल ने ष्ट नोटिफिकेशन जारी होने पर कहा की चुनावी लाभ लेने के लिए भाजपा ने लागू किया है इस से छत्तीसगढ़ के लोगो को बड़ा नुकसान होगा क्योंकि यहां जंगल के क्षेत्र में रहने वाले बहुत से लोग है जिनके पास आधार कार्ड नही है जाति प्रमाण पत्र नही है । वही हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफे पर भूपेश बघेल ने चुटकी लेते हुए कहा की क्या डबल इंजन की सरकार फेल हो गई इंजन खराब हो गया ।

### ह्युंडई ने पेश की परफॉर्मेंस इंस्पायर्ड एसयूवी ह्युंडई एन लाइन

**रायपुर 13 मार्च।** ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने स्पोर्टी एवं बेहतरीन परफॉर्मेंस से प्रेरित (परफॉर्मेंस-इंस्पायर्ड) एसयूवी ह्युंडई एन लाईन को लॉन्च किया। क्रेटा ब्रांड की सफलता और विरासत को आगे बढ़ाते हुए ह्युंडई एन लाईन रोमांच चाहने वाले ग्राहकों के लिए ट्रैक इंस्पायर्ड एस्थेटिक्स और डायनामिक ड्राइविंग एक्सपीरियंस के साथ मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट की नीरसता को तोडने के लिए तैयार है। ह्युंडई का एन लाईन पोर्टफोलियो एन लाईन की खास डिजाइन लैंग्वेज, ट्यून्ड डायनामिक्स और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के बीच परफेक्ट बैलेंस का प्रतीक है, जो आपके हर सफर को यादगार बनाने का वादा करता है।

### केएसबी लिमिटेड ने वर्ष 2023 के लिए दर्ज किया 2247 करोड़ रुपये का सेल्स रेवेन्यु

**रायपुर 13 मार्च।** बिजनेस हाइलाइट्स का सारांश देते हुए, केएसबी लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग वाईस प्रेसिडेंट, श्री प्रशांत कुमार ने कहा, इस साल हमने 23.3त्न सालाना वृद्धि के साथ असाधारण सेल्स रिवेन्यु दर्ज किया है। हमने ऊर्जा, सौर, वाल्व, सामान्य उद्योग, जल और वेस्टवाटर, और बिल्डिंग सर्विस सहित सभी सेगमेंट में ऑर्डर इनफ्लो में वृद्धि देखी है, और अपने सफलता पर केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, हम आने वाले वर्ष में अपने सभी सेगमेंट में और गहराई से उतरने के के लिए तैयार हैं। निर्यात व्यवसाय में हमारी वृद्धि का सिलसिला जारी है, हम एक सुसंगत और बढ़ती हुई वैश्विक उपस्थिति बनाए हुए हैं। आने वाले समय में हम रक्षा क्षेत्र में प्रगतिशील व्यावसायिक अवसरों को लेकर भी आशावादी हैं।

# मुख्यमंत्री ने ड्रोन दीदी चित्ररेखा को सौंपी ड्रोन की चाबी



**रायपुर, 13 मार्च।** बालोद निवासी श्रीमती चित्ररेखा साहूदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जिसके तहत सरकार ऐसी कई योजनाएं लॉन्च कर रही है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपनी पहचान बना सकती है। नमो ड्रोन दीदी योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित ऐसी ही एक अनूठी योजना है। जिसके तहत महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल की गई है। योजना का लाभ उठाकर प्रदेश की महिलाएं सफलता की ओर अग्रसर है। आज सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बालोद निवासी श्रीमती चित्ररेखा साहू को ड्रोन की चाबी सौंपी। ड्रोन दीदी बनकर अब चित्ररेखा आधुनिक कृषि में अपना योगदान देंगी। इसके जरिए वह कमाई भी कर सकेंगी जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। सरकार की ओर से ड्रोन चलाने की फ्री ट्रेनिंग भी दी गई है। ड्रोन की चाबी पाकर चित्ररेखा काफी खुश हुई और सरकार के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल से महिलाएं आधुनिक कृषि की ओर अग्रसर तो हो ही रही है। साथ ही उन्हें अपने गांव घर के आसपास आजीविका का भी साधन मिल रहा है। ड्रोन दीदी योजना किसानों की सहूलियत के लिए बहुत बड़ा माध्यम बन रहा है। ड्रोन के माध्यम से दवाई छिड़काव की सुविधा मिलने से फसल उत्पादन लागत में कमी आ रही है। साथ ही निर्धारित क्षेत्र में एकरूपता से दवाई का छिड़काव हो रहा है। इससे फसल का उत्पादन बढ़ रहा है और किसानों को अधिक आर्थिक लाभ हो रहा है।

श्रीमती चित्ररेखा ने बताया कि ड्रोन दीदी योजना से कृषि में आने वाली समस्याएं भी कम हुई है। बरसात में किसानों को खेत के अंदर जाकर दवाई छिड़काव में दिक्कत होती है। कीड़ा मकोड़ा यदि खेत के अंदर है तो सावधानी बरतनी पड़ती है। ऐसे में मेड़ पर खड़े होकर ड्रोन से काम कर सकते हैं। साथ ही आसानी से दवाई का छिड़काव किया जा सकता है। चित्ररेखा ने बताया कि उनकी पढ़ाई कक्षा 12 वी तक हुई है। परिवार में पति व तीन बच्चे हैं। खेतीबाड़ी कर जीविकोपार्जन चलता है। सरकार की योजना से अब उन्हें आजीविका का नया साधन मिल गया है। इससे परिवार के भरण पोषण और बच्चों की पढ़ाई लिखाई में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कि मेरे जैसी हजारों बहनें आगे आएं और ड्रोन दीदी बनें। बहुत सारी दीदियां हमारे साथ में ड्रोन दीदी के नाम से पहचाने जाएंगे और सरकार की योजना का लाभ उठा पाएंगे।

# जिले के किसानों के खाते में 638 करोड़ 23 लाख 84 हजार रुपए अंतरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 13 मार्च।** कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 12 मार्च 2024 को राजनांदगांव जिले के 1 लाख 23 हजार 131 किसानों को उपार्जित धान के अंतर की राशि 638 करोड़ 23 लाख 84 हजार रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का वितरण एवं किसान मेला सह-प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन आज कृषि उपज मंडी राजनांदगांव में आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार जनता की सेवा करना जानती है। छत्तीसगढ़ वालों ने जो कार्य किया वह किसी अन्य राज्य ने नहीं की। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार के माध्यम से किसानों के घर धन की बरसात हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत का नाम गूंज रहा है। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की घोषणा थी कि 21 वीं सदी का भारत युवाओं का होगा, वह आज परिलक्षित हो रहा है। भारत में दोनों राज्य छत्तीसगढ़ नंबर वन और मध्यप्रदेश नम्बर दो पर स्थित है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कृषक उन्नति योजना की राशि रिमोट का बटन दबा कर 24.75 लाख किसानों के बैंक खाते में अंतरित किया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारन्टी आज पूरी हुई। राज्य स्तरीय कृषक उन्नति योजना का मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बालोद में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से यहां जुड़े और रिमोट का बटन क्लिक कर किसान उन्नति योजना की राशि को किसानों के खाते में अन्तरित किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक दिन है। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के अंतर की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना से किसानों के जीवन में परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 18 लाख परिवारों का पक्का मकान दिलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर राज्य के किसानों को दो साल का बोनस देने का निर्णय लिया गया था, जिसे पूरा किया गया है।

# ग्राम सागर के पास वाहन में 29 मवेशी छोड़कर तस्कर हो गए फरार

**राजनांदगांव 13 मार्च।** थाना गैंदाटोला ङ्क दिनांक 12.03.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व मवेशी तस्कारों के खिलाफ़ लगातार कार्यवाही किया जा रहा था, इसी तारतम्य में दिनांक 12/03/2024 के रात्रि में डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही ट्रक 06 चक्का अशोक लिलैंड को गौरक्षा दल के द्वारा रोकने हेतु पीछा कर रहे थे, जो मवेशी तस्कर मवेशी भरे वाहन को थाना गैंदाटोला के ग्राम सागर के पास रोड में रोक कर मौके पर छोड़ कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। छत्तीसगढ गौरक्षा दल अध्यक्ष मनोज जंघेल वाहन ट्रक के रिपोर्ट पर वाहन मे 29 नग मवेशी को ठुस ठुस कर भरकर, क्ररुरता पुर्वक बिना चारा पानी दिये महाराष्ट्र, की ओर बुचड़ खाना ले जाते 29 नग मवेशी एवम् 01 वाहन जुमला कीमती 20,29,000/- रूपए कीमती को जप्त कर, थाना गैंदाटोला के द्वारा फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध धारा ङ्क 4 ,6,10 क्ष.ग. कृ. प.परि.अधि, 11 पशु क्रूर. अधि. का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है । फरार आरोपी तथा पशु तस्करी के अपराध में सलिप्त अन्य व्यक्तियों का पता तलाश किया जा कर विधिवत गिरफ्तारी कार्यवाही की जायेगी ।



# लोकसभा चुनाव के लिए सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें अधिकारी: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 13 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के पहले अप्रारंभ कार्य को प्रारंभ करें तथा निर्माण कार्यों के अप्रारंभ, प्रारंभ एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है, इस दौरान सभी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संवैधानिक निकायों के निर्देशों का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान सभी निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है। सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल, प्रकाश, रैम्प एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इसके साथ ही मतदान दलों के लिए बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों के परिवहन, उनके लिए रूट चार्ट के संबंध में जानकारी ली। निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए वाहनों का अधिग्रहण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर विभिन्न कार्य करते हैं, जिनमें वलनरेबल मैपिंग, मतदान दल की रवानगी, उन्हें रिप्लेस करना, मतदान दलों को सुरक्षित लाना एवं ले जाना, मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, कानून एवं व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो, सी-विजिल के लिए सर्तक होकर कार्य करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर ऑफिसर से अपेक्षा है कि सजगता, सर्तकता, सावधानीपूर्वक एवं जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# आपसी रंजिश को लेकर युवक की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 13 मार्च।** प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा लडका किशन साहू उर्फ झिल्ली अपने दोस्तों के साथ मो0सा0 से काई तालाब की ओर गया हुआ था जहॉं पर करीबन 03 बजे दोपहर रोहित, हरसु, अम्मु यादव, विन्नु तलकई व अन्य दो तीन लोग मिलकर मेरे लडके किशन साहू उर्फ झिल्ली को पुरानी रंजिश को लेकर मॉं बहन की गाली गलौच करते हुए जान से मारने के लिए चाकु, हाकी स्टीक, डण्डा से घेरकर मारपीट किये, चाकु से सीना, पेट, पीठ, पर प्राणघातक चोट लगने पर ईलाज हेतु डायल 112 से पेण्ड्री अस्पताल राजनांदगांव में लाकर ईलाज हेतु भर्ती किये थे जहॉं ईलाज दौरान कुछ देर बाद मेरे लडके की मृत्यु हो गयी कि रिपोर्ट पर धारा 302,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया, मामला गंभीर प्रकृति का होने से मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया तत्काल ही श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव चौकी चिखली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की टीम गठित कर आरोपियों की पता साजी दबिश दिया गया घटना के बाद फरार आरोपियों के स्टेशनपारा में छिपे होने की विश्वस्त मुखबीर की सूचना पर स्टेशनपारा 16 खोली क्षेत्र में दबिश दी गयी, घेराबंदी कर 03 आरोपियों को पकडा गया जिनसे पुछताछ करने पर अपना नाम पता 01. अमित यादव उर्फ अम्मु पिता सतीश यादव उर्फ सत्तु उम्र 19 निवासी स्टेशनपारा वार्ड न0 12 बुढीमाई मंदिर गली पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0, 02. हर्ष बघेल उर्फ हर्षु पिता कमल बघेल उम्र 19 निवासी स्टेशनपारा 16 खोली पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0, 03. रोहित मण्डावी पिता बलेश्वर मण्डावी उम्र 20 निवासी स्टेशनपारा वार्ड न0 12 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 बताया तथा घटना को विन्नु तलकई एवं अन्य के साथ मिलकर करना बताये, और घटना में प्रयुक्त हथियार धारदार चाकु, हाकी स्टीक को जप्त कराया, बाद आरोपियों को विधिवत गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश किय गया।

## आवास आबंटन के लिये बिचौलियों से बचने आयुक्त ने की अपील

# मोर मकान-मोर आस योजना में लॉटरी से 14 मार्च को आवास आबंटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 12 मार्च।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस छत्तीसगढ़ शासन की एक संवेदनशील पहल इसके अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षो से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1282 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री,मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 448 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 95 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया । परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर दिनांक 14 मार्च 2024 दिन गुरूवार को दोपहर 12:30 बजे निगम सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें। आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से किराये में निवासरत् परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। दावा आपत्ति उपरांत पूर्व की सूची के 449 पात्र आवेदक में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत लॉटरी के माध्यम से 14 मार्च को आवास का आबंटन किया जायेगा। उन्होने बताया किए रेवाड़ीह मोहारा 340 युनिट की राषि 2,67,971.00 रुपये एवं लखोली के पूर्ण आवास की राषि 2,73,059.00 रुपये निर्धारित है। योजनान्तर्गत जिन परियोजनाओं में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किये जा चुके है अर्थात ऐसे आवास जो हितग्राहियों को आबंटन हेतु पूर्ण रूप से तैयार है उन आवासों में हितग्राहियों को हितग्राही अंशदान की राशि एकमुष्त अग्रिम जमा करनी होगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि वे आवास जो अभी निर्माणाधीन है उन निर्माणाधीन आवास के लिए लॉटरी के पूर्व निर्धारित प्रति आवास मूल्य का 10 प्रतिशत एवं षेश राशि 10 माह में किस्तों के रूप में देनी होगी। निकाय अंतर्गत निर्माणाधीन आवास 272 यूनिट लखोली 2,74,044.00 रू. 258 यूनिट रेवाडीह, पेण्ड्री 2,91,027.00 रू. 870 यूनिट पेण्ड्री एवं मोहारा 2.80,115.00 रू. से सभी निर्माणाधीन आवास एक वर्श में पूर्ण कर लिये जायेगे, हितग्राही आबंटन उपरांत अपने स्वयं के आवास को अपने ऑखो के सामने बनते हुये देख सकते है। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि आवास आबंटन के लिये बिचौलियों से बचे, आवास हेतु किसी भी व्यक्ति से पैसे का लेनदेन ना करें आवास भुतल या नीचे ऊपर दिलाने के लिए भी किसी से संपर्क कर किसी को भी पैसा न देवे।

## समाचार संक्षेप

### फर्जी हस्ताक्षर से रकम निकालकर 3 वर्षो से फरार आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव 13 मार्च।** प्रार्थियां श्रीमती शमीम खान पति स्व0 शकील अहमद खान उम्र 70 वर्ष साकिन तुलसीपुर वार्ड नं. 17 राजनांदगांव की लिखित आवेदन जाच पर धारा 420 भादवि0 का अपराध घटित होना पाये जाने से आरोपी मेहताब अहमद खान पिता स्व0 शकील अहमद खान निवासी तुलसीपुर वार्ड नं. 18 राजनांदगांव के खिलाफ दिनांक 24.10.2021 को अपराध क्रमांक 689/21 धारा 420 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी घटना दिनांक 03.09.2021 को 12:00 बजे अपनी मां (प्रार्थियां) श्रीमती शमीम खान के स्टेट बैंक राजनांदगांव एवं बैंक आफ बडोदा के खाता में जमा रकम को प्रार्थियां के चेक को चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से 29 लाख 88 हजार रूपये को फर्जी तरिके से आहरण कर धोखाधड़ी कर घटना दिनांक से फरार था। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 380 भादवि0 समाहित किया जाकर आरोपी पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली से आरोपी के पतासाजी हेतु पुलिस टीम घटित कर तकनिकी सहायता से भोपाल पर होना पता चलने पर भोपाल टीम रवाना किया गया था, जहाँ मुखबीर की सूचना पर आरोपी मेहताब अहमद खान पिता स्व0 शकील अहमद खान उम्र 50 वर्ष निवासी तुलसीपुर वार्ड नं. 18 राजनांदगांव (छ0ग0) हाल- कोलार रोड़ अवंतिका होम फेस-01 जिला भोपाल (म0प्र0) को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसे हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया, हिकमत अमली से पूछताछ पर अपराध घटित करना स्वीकार करने एवं पूर्व अपराधिक रिकार्ड होने से आज दिनांक 11.03.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है, इसके विरूद्ध थाना घुमका जिला राजनांदगांव में वर्ष 2021 में बकरी चोरी के आरोप में अपराध क्रमांक 218/2021 धारा 457, 380 भादवि0 तथा थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव में एक्टीवा चोरी के आरोप में अपराध क्रमांक 568/2021 धारा 379 भादवि0 कायम कर चालान किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, सउनि0 उदय सिंह चंदेल, प्र0आर0 जी सीरिल, आरक्षक कुश बघेल एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने शंकराचार्य प्रेरित आंदोलन में सिन्धी समाज भी हुआ शामिल



**रायपुर 13 मार्च।** देश के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने एवं गोहत्या बंद करवाने हेतु प्रेरित आंदोलन में शामिल होते हुए पूज्य राजेन्द्रनगर, अमलीडीह एवं महावीरनगर (राम) सिंधी पंचायत द्वारा भगवान झूलेलाल की 56 फुट ऊंची प्रतिमा के तले 10 मार्च को गोष्ठी एवं 11 मार्च को विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब के आव्हान पर किया गया। पूज्यपाद साईं मसन्द साहिब करीब 12 वर्षों से देश के पूज्यपाद शंकराचार्यों एवं सैकड़ों अन्य बड़े संतों के सहयोग से देश में सनातन वैदिक सिद्धांतों के आधार पर धर्म का शासन स्थापित कर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का अभियान चला रहे हैं। गोष्ठी में पूज्य पंचायत के अध्यक्ष मुखी गिरीश लहेजा ने बताया कि वे करीब 22 वर्षों से बजरंग दल से जुड़े हुए हैं और पिछले 15 वर्षों से बजरंग दल के गौरक्षा प्रमुख का दायित्व निभा रहे हैं। उनकी टीम ने अब तक गोहत्या हेतु परिवहन की जाने वाली करीब साढे तीन हजार ट्रकों को जप्त करवाने में सफलता प्राप्त की है। गोष्ठी में पूज्य पंचायत के संरक्षक श्रवणकुमार बुधवाणी, महासचिव राजकुमार मंजर एवं अन्य पदाधिकारियों सुरेश दासवाणी, राजकुमार पंजवाणी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। पूज्य छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा और युवा भाजपा नेता मनीष पंजवाणी ने साईं मसन्द से इस आंदोलन को छत्तीसगढ़ के अन्य इलाकों में भी फैलाने में सक्रिय योगदान करने की बात कही। गोष्ठी के प्रारंभ में मुख्य अतिथि साईं मसन्द साहिब ने पूज्यपाद शंकराचार्य द्वय स्वामी सदानंद सरस्वती एवं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कर सम्पूर्ण भारत में गोहत्या समाप्त करने के विषय में लिखे पत्रों को पढ़कर सुनाया।

### श्री रामकिंकर जी का 100 वां जन्म महोत्सव, 18 से श्रीराम कथा



**रायपुर 13 मार्च।** युगतुलसी श्री रामकिंकर जी का 100 वां जन्म जयंती महा-महोत्सव पूरे देश भर में मनाया जा रहा है, इस कड़ी में राजधानी रायपुर में भी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 18 से 22 मार्च को श्रीरामकिंकर आध्यात्मिक मिशन की ओर से सिंधु पैलेस शंकरनगर में किया गया है। श्रीराम कथा दीदी मां मंदाकिनी श्रीरामकिंकर के श्रीमुख से सुनने को मिलेगा। सोमवार 18 मार्च को प्रात- 9 बजे से श्रीरामनाम लेखन यज्ञ व कीर्तन तथा शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जायेगी। 19 मार्च मंगलवार को सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे व शाम को 4 से 7 बजे तक युग तुलसी महाराजश्री रामकिंकर जी के प्रभुत्व दर्शन पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह होगा। 20 से 22 मार्च तक तीन दिन शाम 5 से 6 बजे तक भक्ति संगीत व शाम 6 से 8 बजे तक रामकथा तथा 23 मार्च सुबह 10 बजे पूर्णाहुति यज्ञ होगा।

पुरुष देश की आधी आबादी है तो महिला भी देश की आधी आबादी है।देश के विकास के लिए पुरुष जितने अहम है, देश के विकास के लिए महिला भी उतनी अहम है। चुनाव में पचास प्रतिशत वोट पुरुषों का है तो पचास प्रतिशत वोट महिलाओं का भी है। चुनाव में किसी राजनीतिक दल के विजय में पुरुषों की अहम भूमिका होती है तो महिलाओं की भी अहम भूमिका होती है। आजादी के बाद से चुनाव में जीत के लिए सबसे ज्यादा महत्व पुरुषों को दिया गया। यह माना जाता रहा कि पुरुषों के वोट से ही जीत हार होती है क्योंकि पुरुष ही चुनाव में ज्याद वोट डालते थे। पहले चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत कम भी तो रहा करता था, इसलिए यह धारणा बनी हुई थी कि चुनाव जीतने के लिए पुरुषों के वोट चाहिए। आंकड़ों के अनुसार लोकसभा चुनाव में 2004 में 43.97 प्रतिशत रहा,2009 में 45.90 प्रतिशत,2014 में 48.07 प्रतिशत व 2019 में 49.18 प्रतिशत रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ में महिलाओं का वोट प्रतिशत आबादी पचास प्रतिशत होने के बाद भी वोट का प्रतिशत पचास से कम ही रहा है। यानी जितनी आबादी है, उतना वोट महिलाएं नहीं डालती हैं लेकिन 19 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं ने काफी उत्साह दिखाया था इसससे उनका वोट प्रतिशत49.18 यानी पचास के पास पहुंच गया था। माना जाता है कि यह इसलिए संभव हुआ है कि पीएम मोदी के आने के बाद भाजपा व मोदी ने देश में पहली बार महिलाओं को वोट के महत्त्व को समझा और महिलाओं का सम्मान करने के साथ ही उनकी सुख सुविधाओं का पूरा ख्याल रखने का प्रयास किया। इससे 19 के चुनाव में महिलाओं ने भी भाजपा को बंपर वोट दिया। 19 के बाद तो पीएम मोदी ने लाभार्थीयों के वोट बैंक के साथ ही महिलाओं के विशाल वोट बैंक के लिए प्रयास किया और आज भाजपा के पास महिलाओं का जितना बड़ा वोट बैंक हैं, उतना बड़ा वोट बैंक किसी दल के पास नहीं है। भाजपा ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के

## संपादकीय

## महतारी वंदन योजना यानी महिलाओं का सम्मान

जरिए महिलाओं के सम्मान की शुरुआत की इसका विपक्ष ने मजाक उड़ाया, इसके बाद भाजपा ने महिलाओं के लिए शौचालय, महिलाओं को पक्के घर, घर में बिजली, पानी,गैस की सुविधा की अब राज्यों में महिलाओं को एक हजार रुपए उनके खाते में दिया जा रहा है। इससे भाजपा का महिलाओं को अपना पक्का वोट बैंक बन रहा है, इसी के साथ भाजपा की जीत भी लोकसभा व राज्य विधानसभा चुनाव में पक्की हो रही है। कर्नाटक से कांग्रेस ने महिलाओं को दो हजार रुपए देने की शुरूआत की तो इसके बाद राज्यों के चुनाव में भाजपा ने इस मप्र में लाडली बहना योजना तो छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के जरिए एक हजार व पंद्रह सौ रुपए सीधे खाते में भेजकर इस काम को आगे बढ़ाया है। मप्र व छत्तीसगढ़ में तो माना जाता है कि विधानसभा चुनाव भाजपा ने महिलाओं को एक हजार व 1500 रुपए देने का वादा कर जीता है। खासकर छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस को जीता हुआ माना जा रहा था लेकिन महतारी वंदन योजना के कारण कांग्रेस की अप्रत्याशित हार हो गई। हालांकि कांग्रेस ने भी महिलाओं को ज्यादा पैसा देने का वादा किया लेकिन जनता ने उसके वादे पर भरोसा नहीं किया क्योंकि इस तरफ वादा करने वाले पीएम मोदी थे। अब इसके बाद छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना व किसान उन्नति योजना के जरिए पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम साय सरकार को करना था, साय सरकार ने महतारी वंदन योजना के जरिए राज्य की 70 लाख महिलाओं को 656 करोड़ रुपए की पहली किश्त दे दी है। किसानों को किसान उन्नति योजना के जरिए प्रति एकड़ 19 हजार से ज्यादा किसानों के खाते में 12 मार्च को जमा करा दिया गया। यानी राज्य भाजपा ने अपने दो सबसे बड़े वादे महिलाओं को एक हजार रुपए व किसानों को 19 हजार रुपए देने का वादा सरकार बनने के सौ दिन के भीतर पूरा कर दिया है। यानी मोदी का गारंटी को पूरा कर दिया है और मोदी के साथ सरकार की साख भी बढ़ाई है। यानी मोदी और भाजपा जो वादा करते हैं, उसे सरकार बनने के सौ दिन के भीतर पूरा भी कर दिया जाता है। इस मायने में साय सरकार भूपेश सरकार से ज्यादा तेजी से वादा पूरा करने वाला सरकार बन गई है। भूपेश सरकार ने एक बड़ा वादा शराबबंदी का पांच साल में पूरा नहीं किया था, बेरोजगारी भत्ता तो आखिरी साल में दिया था। कोई सरकार अपना वादा पूरा करती है उसकी विश्वसनीयता बढ़ती है इसलिए दो प्रमुख वादे पूरे करने साय सरकार की विश्वसनीयता जरूर बढ़ेगी।

विश्लेषण


ललित गर्ग

# सीएए नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून है



संसद में 11 दिसंबर, 2019 को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम अर्थात सीएए पारित होने के लगभग चार वर्ष के इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व देश भर में लागू करके न केवल अपने राजनीतिक आलोचकों को अचंभित किया है, बल्कि देश अपने लोगों की न्यायपूर्ण नागरिकता सुनिश्चित करने की जरूरी दिशा में बढ़ चला है। यह कानून भारत की नागरिकता को संतुलित, औचित्यपूर्ण एवं समतामूलक बनाने की दिशा में साहसिक कदम है। इस नए कानून का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफ्गानिस्तान जैसे देशों से आने वाले मुस्लिमों को अब भारत में सहजता से नागरिकता नहीं मिलेगी, जबकि इन देशों से आने वाले हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों को सहजता से नागरिकता हासिल हो जाएगी। कानून के तहत पात्र लोग नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। गौर करने की बात है कि पिछले दिनों से विपक्षी दलों के अनेक नेता सीएए को लागू करने का विरोध करते हुए एक वर्ग-विशेष के लोगों को अपने पक्ष में करने की कुचेष्ठा कर रहे हैं। जबकि भाजपा सरकार एवं उससे जुड़े शीर्ष नेतृत्व इसे लागू होने के संकेत दे रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि आम चुनाव से पहले ही सीएए को लागू कर दिया जाएगा और जो कहा, उसे कर दिखाया है। चुनाव की घोषणा के ठीक पहले सीएए को लागू कर सरकार ने अपना एक वादा पूरा कर दिया है। अब इसे लागू करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से एक सार्थक पहल का सूत्रपात किया है। सीएए पारित हो गया था और इस कानून को अधिसूचित भी कर दिया गया था, पर इसके लिए लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले देश में नागरिकता नियम तय नहीं हुए थे। कानून बन जाने के बाद नियम तय करना जरूरी होता है और नियम तय करने के लिए सरकार लगातार समय ले रही थी। इस वजह से सरकार की आलोचना भी हो रही थी। बहरहाल, नियम न तय होने से आगे नई लोकसभा में तकनीकी परेशानियां आ सकती थीं, अतः केंद्र सरकार ने चुनाव से ठीक पहले इस कार्य को अंजाम देकर एक तरह से अपना ही अधूरा काम पूरा किया है, एक साहसिक एवं समयोचित कदम उठाया है। यह पाकिस्तान, अफ्गानिस्तान एवं बंगलादेश से आये हिंदू, सिख, ईसाई व अन्य धर्म के लोगों के लिये एक नये सूरज का उदय है। आगामी चुनाव एक तरह से सीएए पर जनमत संग्रह जैसा होगा। यहां यह याद करने की बात है कि सीएए लागू करने का वादा पिछले लोकसभा चुनाव और पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से उठाया गया प्रमुख मुद्दा था और इससे भाजपा को चुनाव में बहुत फायदा भी हुआ था। सीएए के सन्दर्भ में राजनीति से अलग होकर सोचना ज्यादा जरूरी है। जो मजबूर लोग पाकिस्तान, अफ्गानिस्तान या बांग्लादेश से भारत में आए हुए हैं, उनकी समस्याओं का समाधान देश के लिए प्राथमिकता होनी ही चाहिए। भूलना नहीं चाहिए, नागरिकता का तार्किक व मानवीय दृष्टिकोण इस देश की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की संस्कृति का अंग है।

सीएए के कारण भले ही तथाकथित अराष्ट्रवादी ताकतें एवं विपक्षी दल हिंसा एवं अराजकता का माहौल बना सकते हैं, लेकिन यह कानून एक आदर्श नागरिकता कानून है, लम्बे समय से इस कानून की जरूरत को महसूस करते हुए अनेक नागरिक घुटन एवं असंतुलित नागरिकता कानून के दंश को भोग रहे थे। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव




करता है तो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है। आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से नागरिकों को बाहर निकालने के प्रयत्न वर्तमान सरकार द्वारा हो रहे हैं। ऐसा ही एक विशिष्ट उपक्रम है सीएए। इसको लेकर भी गुमराह किया जा रहा है, राष्ट्र की एकता को विखंडित करने के प्रयास हो रहे हैं। सीएए को लेकर मुस्लिम समाज को भ्रमित करने की साजिश हुई है और चुनावी माहौल में यह और तीव्रता से होने की संभावना है। राजनीतिक लोग सीएए को मुस्लिम विरोधी बताने में लगे हुए हैं। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती कि जिस कानून का किसी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं, उसे लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों को सड़कों पर उतार दिया गया या फिर से उतारने के स्वर गूंजने लगे हैं। एक सुनियोजित साजिश के तहत लोगों को गुमराह किया गया है, यह साजिश जिस किसी ने भी रची हो, लोगों और खासकर मुस्लिम समाज को भड़काने का काम अनेक विपक्षी दलों ने किया। इनमें कांग्रेस सरीखे वे दल भी थे, जो एक समय इस कानून में वैसे ही संशोधन करने की मांग कर रहे थे, जैसे किए गए। राजनीतिक दलों के साथ-साथ तथाकथित सेक्युलर तत्वों और वामपंथी बुद्धिजीवियों ने भी यह भ्रम फैलाया कि सीएए कुछ लोगों की नागरिकता छीनने का काम कर सकता है, जबकि यह कानून तो नागरिकता देने के लिए है।

सीएए का विरोध करने वाले राजनेताओं एवं उनके उकसाये लोगों को देश से जैसे कोई मतलब नहीं, इन्हें सिर्फ अपना जनाधार चाहिए। वोट चाहिए। वोटों की संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीति के चलते राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को तार-तार किया जा रहा है? इन कानूनों में किसी के अहित की बात नहीं है, बल्कि जिनका अहित हुआ है, उनका हित निहित है, फिर क्यों बवाल है? पहले किसी भी गलत बात के लिए ÷विदेशी हाथ÷ का बहाना बना दिया जाता था। अब कौन-सा हाथ है? कौन चक्र चलाता है? कौन विरोधी स्वर घोलता है? आश्चर्य की बात यह कि जब पिछले दिनों सीएए-एनआरसी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो एक सुर में कहा गया कि यह कांग्रेस ही है जो लोगों को भड़का रही है। यानी यह तो तय है कि कांग्रेस की उपस्थिति देश भर में है और उसका असर जनता के एक बड़े तबके पर है। इस बात को स्वीकारते हुए कांग्रेस की ताकत को इग्नोर करना राजनीति अपरिपक्वता को ही दर्शाता है। कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत कर रही है, धीरे-धीरे वह अपनी खोई प्रतिष्ठा एवं जनाधार को हासिल करने में लगी है। इन स्थितियों को पाने के लिये वह सभी हदें पार कर रही है, मूल्यों एवं नीतियों को भी नजरअंदाज करने में भी उसे कोई संकोच एवं परहेज नहीं है। भारत का विभाजन मुस्लिमों की अलग राष्ट्र की मांग की वजह से हुआ था, अतः जिन मुस्लिमों ने भारत छोड़कर अलग देश में रहना चुना, उन्होंने भारत की नागरिकता मांगने का हक खो दिया। दूसरी ओर, सीएए का विरोध करने वालों का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ्गानिस्तान के मुस्लिमों के साथ भारतीय नागरिकता देने में भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक तर्क यह भी है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में नागरिकता का फैसला किसी की आस्था के आधार पर नहीं होना चाहिए। बहरहाल, अपने देश में धर्म की राजनीति नई नहीं है, इसके पक्ष और विपक्ष में लगभग हर पार्टी राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। इतनी देरी से इस कानून को लागू करने का एक कारण उसका बड़े पैमाने पर विरोध किया जाना दिखता है, देश में अराजकता, हिंसा एवं अशांति की संभावना को देखते हुए ही सरकार ने इसे उचित समय पर लागू करने का सोचा। यह उग्र एवं गैरवाजिब विरोध इस शरारत भरे दुष्प्रचार की देन था कि यदि यह कानून लागू हुआ तो देश के मुसलमानों की नागरिकता खतरे में पड़ जाएगी। इस दुष्प्रचार में कथित सिविल सोसायटी के लोग ही नहीं, कई राजनीतिक दल भी शामिल थे। वे जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को भड़काकर उसे सड़कों पर उत्तार रहे थे, जबकि इस कानून का किसी भी भारतीय नागरिक से कोई लेना-देना नहीं। वास्तव में यह नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि देने का कानून है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज तरक्की के नए रास्ते खुले नजर आएंगे। शाम तक कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। आप आसपास के लोगों से सहानुभूति बनाए रखेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन खास रहने वाला है। आपके साथ सब कुछ अच्छा होगा। आपको किसी अच्छी खबर का इंतजार रहेगा। आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

वृष राशि-आज करियर के मामले में आपको कोई बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। बिजनेसमैन को काम में बेहतर अपॉर्चुनिटिज मिलेगी। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जुड़ेंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे। आपको अपने सगे-संबंधियों से भी पूरा लाभ मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। साथ ही ऑफिस में भी स्थिति आपके फेवर में रहेगी। दोस्तों के साथ आज कहीं बाहर घुमने जाएंगे जहां आप कुछ हंसी-खुशी के पल बिताएंगे।

मिथुन राशि-आज दांपत्य संबंधों के बीच दूरियां खत्म होंगी। रिश्तों में मधुरता आएगी। बिजनेस में किसी काम को लेकर परेशान हो सकते हैं। बच्चे आपसे अपनी कोई बात शेयर कर सकते हैं। आज उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। किसी काम से आपको अधिक भागदौड़ भी करनी पड़ सकती है। साथ ही कामकाज की व्यस्तता में आपको खाना-पीना बिल्कुल नहीं भूलना चाहिए। इससे आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है। आपको थोड़ा एक्सरसाइज पर भी ध्यान देने की जरूरत है। माता-पिता आज किसी काम में आपकी मदद कर सकते हैं।

कर्क राशि-आज आपको अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि लाने के लिए कई अवसर प्राप्त होंगे। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए अग्रसर रहेंगे। इससे आज आपका काफी समय खराब हो सकता है। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है। एक साथ बैठकर किसी खास मामले पर बातचीत हो सकती है। आज आप किसी तरह की राजनीति में उलझ सकते हैं। फिर वह राजनीति घर में भी हो सकती है और कार्यस्थल पर भी। ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा होगी। मंदिर जाकर भगवान के दर्शन करेंगे।

सिंह राशि-आज आपको लाभ के कुछ अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग बेरोजगार हैं, उन्हें रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उसे प्रपोज करना चाहते हैं, तो आज का दिन शुभ है। केमिस्ट्री स्टूडेंट्स के लिए दिन मिला-जुला रहने वाला है। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ अनुभवी लोगों से बेहतर सलाह मिलेगी। घर पर मेहमानों का आगमन आपको प्रसन्नता देगा। आज आपको कोई खास बात पता चल सकती है।

कन्या राशि-आज आपका दिन कुछ खास लेकर आने वाला है। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। किसी जरूरी काम में थोड़ी सी मेहनत करने से ही सफलता मिल जाएगी। लवमेट के लिए दिन फेवरेबल रहने वाला है। रिश्तों में नयापन आएगा। वेब डिजाईनर्स के लिए दिन उत्तम रहने वाला है। बच्चे पढ़ाई के मामले में अपने दोस्तों से कोई अच्छी प्रेरणा लेंगे। इससे आपको फायदा होगा। आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। आपके सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

तुला राशि-आज मन स्थिर न होने की वजह से आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक आप बेहतर महसूस करेंगे। आज कोई बड़ा फैसला लेने में आपको परेशानी महसूस होगी। दोस्तों के साथ अनबन होने की भी संभावना है। आपको दोस्त से बिना वजह की बात करने से बचना चाहिए। ऑफिस में सहयोगियों के साथ किसी प्रोजेक्ट को लेकर आप एकमत दिखाई नहीं देंगे। दिन की अपेक्षा शाम का समय आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी काम में कोशिश थोड़ी कम होने से काम अधूरे रह सकते हैं। आप किसी सामाजिक आयोजन में जा सकते हैं। वहां अच्छे लोगों से आपकी जान पहचान होगी।

वृश्चिक राशि-आज अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखेंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। टीचर्स का आपको पूरा-पूरा सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ संबंध मजबूत होंगे। कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होने की उम्मीद है। आपका दांपत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा। आप अपनी बात को साफ ढंग से रखने में सफल होंगे। काम में स्थिरता बनी रहेगी।

धनु राशि-आज पैसों से जुड़ा मामला आसानी से सुलझ जाएगा। आज दिनभर उत्साह और कॉन्फिडेंस रहेगा। आपको कुछ नई चीजों से जुड़ाव महसूस होगा। आपके स्वभाव में धीरज बना रहेगा। आप अपनी सभी समस्याओं का हल आराम से ढूंढ निकालेंगे। साथ ही आज के दिन आपके कार्य सफल जरूर होंगे। आप कुछ समय मनोरंजन में भी बिताएंगे। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिसका आपके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा।

मकर राशि-आज आपकी सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी। आज का दिन खुद में बदलाव लाने के लिए अच्छा है। करियर में आपकी सफलता सुनिश्चित होगी। आज आपको घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यवसाय के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आज आप अपनी कोई बात दोस्तों से शेयर कर सकते हैं। आपको आगे बढ़ने के लिए नई योजनाएं बनानी पड़ सकती है।

कुंभ राशि-आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन प्राप्त होगा। आपके रुके हुए काम आज जरूर पूरे होंगे। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। कोई काम मन-मुताबिक पूरा होने से आप प्रसन्न रहेंगे। साथ ही आप सेहतमंद भी बने रहेंगे। आप जीवनसाथी के सहयोग से किसी नए काम की शुरुआत के बारे में सोच सकते हैं। आज आपकी सकारात्मक सोच जिंदगी में कोई बड़ा बदलाव ला सकती है। कुल मिलाकर दिन बढ़िया रहेगा।

मीन राशि-आज करियर के मामले में चीजें बेहतर होने के आसार हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे। लेकिन आज आपको अपने जीवनसाथी की सेहत के प्रति चिंता हो सकती है। उनको अचानक से कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है। आपको उनका पूरा ध्यान रखना चाहिए। परिवार में आपका सबका सहयोग मिलता रहेगा। आज आप कोई काम बहुत जल्दबाजी में कर सकते हैं। किसी दोस्त से मदद की उम्मीद रख सकते हैं। आज के दिन पक्षियों को दाना खिलाएं, परिवार में सब कुछ अच्छा रहेगा।

व्यंग्य

# मौसी-जय संवाद

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त,**

मौसी = क्या बताए बेटा , 400 रुपए वाला सिलेंडर 1100 रुपए, साठ रुपए वाला पेट्रोल 100 रुपए, 399 रुपए वाला मोबइल रिचार्ज 750 रुपए, 200 रुपए वाला टीवी रिचार्ज 450 रुपए, 3 रुपए का प्लाटफार्म टिकट 50 रुपए और 60 रुपए वाला खाने का तेल 120 रुपए होगा। लगता है महंगाई की होड़ जेट स्पीड से है। अब तुम्हीं बताओ बेटा हम जैसे लोग कैसे जिएँ?



जय = अरे मौसी! जेट में बैठने का सुख सभी को नसीब थोड़ी न होता है। वह तो हम सब किस्मत वाले हैं कि जीते जी महंगाई की जेट स्पीड का मजा उठा रहे हैं। महंगाई को महंगाई मत कहो। यह तो देशभक्ति है देशभक्ति!

मौसी = वो कैसे बेटा?

जय = मौसी! वेदों-पुराणों में लिखा है कि देशभक्ति तन-मन-धन से की जानी चाहिए। तन तो हमारे पास है। मन की बात कोई और करता है। जहाँ तक सवाल धन का है तो इसके लिए सीधी उंगली या फिर टेढ़ी उंगली का इस्तेमाल करना होगा। जो लोग देशभक्ति के लिए दान-धर्म नहीं कर सकते या नहीं करना चाहते उनसे सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, मोबाइल, टीवी, प्लाटफार्म, खाने का तेल आदि की कीमतें बढ़ाकर वसूली करना होगा। इस तरह से देशभक्ति के लिए की गई वसूली शास्त्रों में पाप नहीं माना जाता। सरकार महंगाई के बहाने हमारे हाथों पुण्य करवा रही है।

मौसी = यह तो मैंने सोचा ही नहीं था बेटा! अब इतना भी बता दो कि ऐसी देशभक्ति भी किस काम की जिसमें जीना हराम हो जाए। खाने के लाले पड़ जाएँ। अब तुम्हीं बताओ महंगाई की देशभक्ति से वसूला पैसा किस काम का?

जय = बड़ी भोली है मौसी आप! चार दिन की जिंदगी में काहे की महंगाई काहे की गरीबी। चार दिन के बाद तो यह किचकिच खत्म हो जाएगी। लेकिन याद रखो मौसी! हम रहें न रहें देश रहना चाहिए। और यह देश यूँ ही अखंड नहीं रह सकता। इसके लिए शक्तिशाली सरकार की आवश्यकता पड़ती है। देश में अपनी सरकार बनाए रखने के लिए केवल चुनाव जीतना काफी नहीं होता। सरकार के और भी कई सारे जरूरी काम होते हैं। मसलन एमएलए, एमपी की खरोद-फरोख्त करनी होती। उन पर मुंहमांगा पैसा लुटाना पड़ता है। इस तरह जाकर सुव्यवस्थित सरकार बनती है। देश अखंड बनता है।

मौसी = एक बात की दाद दूँगी बेटा! भले ही 400 रुपए वाला सिलेंडर 800 रपए, साठ रुपए वाला पेट्रोल 100 रुपए, 399 रुपए वाला मोबइल रिचार्ज 599 रुपए, 200 रुपए वाला टीवी रिचार्ज 450 रुपए, 3 रुपए का प्लाटफार्म टिकट 50 रुपए और 60 रुपए वाला खाने का तेल 120 रुपए हो गया लेकिन तुम्हारे मुँह से सरकार के लिए तारीफ़ ही निकलती है ।

जय = अब क्या करें मौसी! तारीफ़ नहीं करेंगे तो देश के गद्दार कहलायेंगे। अब देश में देशभक्त होने की एक ही निशानी है सरकार जो कह रही है उसकी हाँ में हाँ मिलाओ। जो कर रही है उसे करने दो। क्योंकि सरकार आँखों से सुरमा नहीं आँखें ही चुरा लेती है। सरकार के लिए जो दोस्त हैं, वह उनके लिए ताकत है और जो दुश्मन हैं उनके लिए बड़ी आफत है। सरकार के हर काम में देशभक्ति मौसी! इसलिए आँखें मूँदों और अपना काम करते जाओ। क्योंकि जो हो रहा है, अच्छा हो रहा है। जो होगा वो भी अच्छा होगा तुम अतीत का पश्चाताप न करो मौसी! और न भविष्य की चिंता करो, प्रवासी मजदूरों की तरह वर्तमान चल रहा है।

मौसी = सच कहते हो बेटा! हम एक बार जीते हैं। एक बार मरते हैं। और देशभक्ति दिखाने का अवसर बार-बार नहीं मिलता। जिस देश में महंगाई देशभक्ति बन जाए उस देश में जीने वाले फौलादी कहलाते हैं। मुझे गर्व है कि मेरी देशभक्ति फौलादी है।

जय = यह हुई न बात! तुम तो शोले की फिल्म वाली मौसी से ज्यादा समझदार हो।

## आंखों में इंफेक्शन या जलन होने पर न करें यह गलतियां

मौसम बदलने पर अक्सर आंखों में इंफेक्शन की समस्या हो जाती है. शुरुआत में तो यह नॉर्मल खुजली और जलन से शुरू होता है लेकिन बाद में यह दोनों आंखों में फैल जाता है. जिसकी वजह से बहुत सारी दिक्कतें शुरू हो जाती हैं. यह इंफेक्शन बैक्टीरिया या किसी खास तरह के इंफेक्शन के कारण होता है. यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है. अगर आपको भी आंखों में ऐसी दिक्कत महसूस हो रही है तो आपको बिना समय गवाएं डॉक्टर को दिखाना चाहिए.

आंखों में जब भी इंफेक्शन हो जाए तो बाहर जाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आंखों की खुजली बढ़ सकती है. डॉक्टर के सलाह के बिना किसी भी दवा का इस्तेमाल आंखों में नहीं करना चाहिए. आंखों को साफ रखने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें. साथ ही हल्के हाथों से आंखों पर जमा गंदगी को साफ करें. आंखों में इंफेक्शन होने पर आंखें लाल हो जाती है. जिसके कारण इसमें खुजली और कई तरह के दूसरे लक्षण दिखाई देते हैं.

आंखों में इंफेक्शन होने पर ये गलतियां न करें

आंखों में इंफेक्शन होने पर पब्लिक प्लेस पर जानें से बचें. अगर जरूरी है तो चश्मा पहनकर ही जाएं. साथ ही आंखों पर हाथ का इस्तेमाल कम करें.

बाहरी लोगों से हाथ मिलाने या टच रने से बचें. बच्चों को भी ऐसे करने से रोकें.

चर्चित मुद्दा

निर्मल रानी

# उत्तर प्रदेश : क़ानून व्यवस्था के दावे और हक़ीक़त

उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा ही नहीं बल्कि राजनैतिक दृष्टि से भी यह सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। यह राज्य केवल हाई प्रोफ़ाइल राजनीतिज्ञों, साहित्यकारों, कवियों, शायरों का ही नहीं बल्कि हाई प्रोफ़ाइल अपराध व अपराधियों का भी गढ़ है। यहाँ के बेख़ौफ़ अपराधियों के लिये कभी भी और किसी भी जगह बड़े से बड़े अपराध को अंजाम देना मामूली बात है। फिर चाहे कोई व्यक्ति थाने में हो,पुलिस कस्टडी में या जेल में या भीड़ भाड़ के इलाक़े में या अपने को सुरक्षित समझते हुये अपने घर में चैन से सो रहा हो,किसी भी जगह हत्या को अंजाम देना ऐसे शातिर अपराधियों के लिये मामूली बात है। उत्तर प्रदेश में क़ानून व्यवस्था का विषय अक्सर चुनावी मुद्दा भी बनता रहता है। प्रत्येक राजनैतिक दल एक दूसरे पर क़ानून व्यवस्था के मामले में असफल होने और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाते रहते हैं। राज्य की वर्तमान सरकार तो प्रदेश की क़ानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का कुछ ज़्यादा ही ढिंढोरा पीटती रहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने का जहाँ दावा करते रहते हैं वहीँ वह यह बताने से भी नहीं चूकते कि पिछली (सपा ) सरकार में माफ़िया व अपराधी बेख़ौफ़ घूमा करते थे। 17 सितम्बर 2023 को उनके गृह नगर गोरखपुर में दिया गया योगी के भाषण का यह अंश क़ानून व्यवस्था के प्रति उनके नज़रिये को दर्शाता है या यह सिर्फ़ तालियां पिटवाने के लिये की गयी लफ़्फ़ाज़ी थी,यह तो राज्य की आपराधिक घटनाएं ही बता रही हैं। उस समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा था कि -÷क़ानून संरक्षण के लिए है। लेकिन क़ानून को बंधक बनाकर व्यवस्था में सेंध लगाने का प्रयास करने की इजाज़त किसी को नहीं है। क़ानून सुरक्षा के लिए है, लेकिन यदि किसी ने बहन-बेटी के साथ छेड़ख़ानी की तो अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतज़ार यमराज कर रहे होंगे। उसे यमराज के यहां भेजने से कोई रोक नहीं पाएगा। हमें सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण देना होगा।÷ तो क्या मुख्यमंत्री की इस चेतावनी के बाद राज्य की क़ानून व्यवस्था ख़ासकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में कोई कमी आई या फिर यह भी महज़ 'फ़िल्मी डायलॉग ' या फिर जुमला साबित हुआ ? राज्य की बिगड़ती क़ानून व्यवस्था स्वयं इस बात का सुबूत है। आम महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार व शारीरिक शोषण की अनेक घटनाओं की तो बात ही छोड़िये इस राज्य में तो अब हाई प्रोफ़ाइल महिला नेता भी सुरक्षित नहीं रहीं। यहाँ तक कि सत्ता से जुड़े लोगों को भी अपराधी बेख़ौफ़ अपना निशाना बना रहे हैं। ताज़ातरीन उदाहरण उत्तर प्रदेश में भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा ) की वरिष्ठ महिला नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या का है। नंदिनी राजभर सुभासपा की महिला विंग की प्रदेश महासचिव थीं। पिछले दिनों कबीर नगर में ख़लीलाबाद के डीघा गांव में अज्ञात लोगों द्वारा उनके साथ उन्हीं के घर में घुस कर कथित तौर पर पहले सामूहिक बलात्कार किया गया और बाद में उनके शरीर को चाकुओं के वार से छन्नी कर दिया गया। जिसके चलते मौक़े पर ही उनकी मौत हो गयी और हत्यारे घटना को अंजाम देकर फ़रार हो गये। नंदिनी राजभर का लहूलुहान शव उनके कमरे में फ़र्श पर पड़ा मिला। क्या इस हत्याकांड को अंजाम देने वालों को इस बात का ज़रा भी भय नहीं था कि ÷अगले चौराहे पर उनका इंतज़ार यमराज कर रहे होंगे÷ ? यह घटना क्या यह सोचने के लिये मजबूर नहीं करती कि जब अपराधियों द्वारा एक सत्ता समर्थक नेत्री के घर में घुसकर उसका यह हश्र किया जा सकता है तो रास्ता चलती आम महिलाओं की सुरक्षा की आख़िर क्या गारंटी है ? चाक चौबंद क़ानून व्यवस्था का दावा कर अपनी ही पीठ थपथपाने वाला यही वह प्रदेश है जहां 15 अप्रैल, 2023 को पुलिस सुरक्षा के मध्य तीन हमलावरों ने पूर्व सांसद अतीक़ अहमद व उसके भाई अशरफ़की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी जब यह दोनों भाई मेडिकल जांच के लिए प्रयागराज के काल्विन अस्पताल ले जाये जा रहे थे। उस समय तीन अपराधी पुलिस सुरक्षा की परवाह किये बिना पुलिस का घेरा तोड़कर इन दोनों भाइयों पर गोलियां बरसाने लगे जिसमें दोनों भाइयों की मौक़े पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी यूपी सरकार को फटकार लगाई थी। इसी तरह गत वर्ष 2 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के देवरिया ज़िले का वह हत्याकांड जिसमें मात्र 35 मिनट के भीतर दो परिवार के छह लोगों की हत्या कर दी गई थी । इस हत्याकांड ने उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सनसनी फैला दी थी। उस समय भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था और सत्ताधारी नेताओं की ओर से कहा गया था कि ' इस मामले में ऐसी कार्रवाई की जाएगी कि वह लोगों के लिए नज़ीर बन जाएगी ÷। परन्तु दरअसल ऐसी घटनायें तो शासन की विफलता की ही नज़ीर पेश करती हैं। रहा सवाल सख़्त कार्रवाई करने के निर्देश का या अपराधियों को 'नज़ीर बनने वाली सज़ा' देने या दुख प्रकट करने का तो इन लफ़्फ़ाज़ियों से न तो मृतकों का जीवन वापस आ सकता है न ही अपराध में कमी आती दिखाई देती है। योगीराज में इस तरह का हाई प्रोफ़ाइल सामूहिक हत्याकाण्ड 17 जुलाई 2019 को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र ज़िले के घोरावल थाना क्षेत्र के उभ्भा गांव में हुआ था जबकि लगभग 30 ट्रैक्टर में भरकर आए 150 सशस्त्र लोगों ने जिनके पास कथित तौर पर 10 से अधिक राइफ़लें थीं। जब इन सशस्त्र हमलावरों को रोकने के लिए गांव वालों ने गुहार लगाई तो उन्होंने उन पर ही गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। नतीजतन 10 लोगों की मौक़े पर ही मौत हो गयी। योगी सरकार के प्रदेश में चाक चौबंद क़ानून व्यवस्था के दावों के बीच अपराधियों द्वारा ऐसी अनेक आपराधिक घटनायें प्रदेश में आये दिन अंजाम दी जाती हैं। महिलाओं के साथ भी आये दिन अपराध होते रहते हैं। परन्तु इन वास्तविताओं को नज़रअंदाज़ कर इन्हें उत्तर प्रदेश या मणिपुर जैसी डबल इंजन की सरकारों वाले राज्य की नहीं बल्कि केवल बंगाल और केरल की आपराधिक घटनायें ही नज़र आती हैं। गोया इन्हें उत्तर प्रदेश में क़ानून व्यवस्था के अपने ही दावों और उसकी हक़ीक़त में कोई फ़र्क़ नज़र नहीं आता।





एक नजर

### सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पदों की पूर्ति के लिए प्लेसमेंट कैम्प 14 मार्च को

**सुकमा, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा द्वारा आईटीआई सुकमा में 14 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक गार्डियन सिक्योरिटी एंड फैसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड (सिक्योरिटी स्किल डेवलपमेंट) हैदराबाद के माध्यम से छत्तीसगढ़ और हैदराबाद के लिए 410 पदों पर पुरूष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिनमें सिक्योरिटी गार्ड के 400 पदों में आयु सीमा 20 से 35 वर्ष, शरीरिक कद 167.5 से.मी., शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण तथा सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 10 पदों में आयु सीमा 30-35 वर्ष, शरीरिक कद 172 से.मी, शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास निर्धारित की गई है। उक्त दोनों पदों में शरीरिक वजन न्यूनतम 55 किलो और प्रतिमाह वेतन सिक्योरिटी गार्ड हेतु 15,000 से 18,000 रुपये तक एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर हेतु 22,000 से 24,000 रुपये तक निर्धारीत की गई है। इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा से संपर्क कर सकते है।

### दावा-आपात्ति आमंत्रित



**सुकमा, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले में मसाहती व असर्वेक्षित ग्रामों में राजस्व सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है। जिसके अंतर्गत ग्राम कोसाबंदर पटवारी हल्का नंबर 24/पुसपल्ली राजस्व निरीक्षक मंडल सुकमा तहसील जिला सुकमा वन से घोषित राजस्व ग्राम है। कार्य एजेंसी आई.आई.टी. रूढ़की द्वारा प्रथम प्रकाशन हेतु तहसील सुकमा के क्रमशः 01 ग्राम के कुल 04 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। संबंधित ग्रामों के नक्शा शीटों का सत्यापन सर्वेक्षण दल द्वारा कराया जाकर नक्शा व खसरा तैयार किया गया है। उक्त संबंध में हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था/विभाग को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 30 दिवस तक लिखित आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रथम प्रकाशन हेतु नियत संबंधित ग्राम पंचायत भवन में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य प्राथमिकता से करे:कलेक्टर

## नोडल अधिकारी और तकनीकी सहायकों की ली बैठक, कार्य में धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 13 मार्च।** कलेक्टर श्री हरिस. एस ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगतिरत, पूर्ण, अपूर्ण और अप्रारंभ कार्यों की जनपदवार गहन समीक्षा की। बैठक में तृतीय किस्त उपरांत 90 दिवस से अधिक हो चुके अपूर्ण आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की भौतिक प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू कराने और प्रगतिरत आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करते हुए, जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री हरिस. ने आवास निर्माण कार्य में धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने आवास योजना अंतर्गत जमीन विवाद, राशि वसूली व किस्त राशि अंतरण की स्थिति की जानकारी ली और जमीन विवाद को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की प्राथमिकता का कार्य है, सभी




नोडल अधिकारी एवं तकनीकी सहायक फील्ड पर भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में प्रगति लाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारी को नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा और कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि अप्रारंभ आवास को शीघ्र शुरू किया जायेगा और 2332 अपूर्ण आवास के कार्य में प्रगति लाते हुए पूर्ण किया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में कुल 10,118 आवास स्वीकृत हुआ है, जिसमें से 7,786 आवास पूर्ण हो गया है। हितग्राहियों के खाता संबंधित प्रकरण को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास योजना के हितग्राहियों को प्राप्त राशि को पीएम आवास में ही उपयोग होना सुनिश्चित करने को कहा। आवास की प्लींथ लेवल होने के पश्चात कार्योजना तैयार कर आवास पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री लक्ष्मण तिवारी, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता, श्री कैलाश कश्यप परियोजना अधिकारी जिला पंचायत सुकमा, श्री दिवाकर साहू जिला समन्वयक सुकमा सहित तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ और तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

### जिले के उद्यानिकी बीज विक्रेताओं का मानक बीज बेचने के निर्देश

**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 मार्च।** बीज अनुज्ञा अधिकारी एवं सहायक संचालक उद्यान कांकेर की अध्यक्षता में 12 मार्च मंगलवार को सहायक संचालक उद्यान के सभाकक्ष में जिले के उद्यानिकी बीज विक्रेताओं की बैठक ली गई, जिसमें जिले के उद्यानिकी बीज विक्रेता उपस्थित हुए। बैठक में जिले के सभी उद्यानिकी बीज विक्रेताओं को समयावधि में बीज अनुज्ञा नवीनीकरण कराने, कृषकों को मानक स्तर के बीज उपलब्ध कराने तथा जिले में विक्रय किये जा रहे उद्यानिकी फसलों के बीजों का ऑनलाइन स्टॉक करने के लिए सहायक संचालक द्वारा निर्देशित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि कृषकों को विक्रय किये जा रहे उद्यानिकी फसलों के बीज को संज्ञान में लेते हुए अनुज्ञा में शामिल कंपनियों का ही बीज विक्रय करें। यदि अन्य कंपनी के बीज विक्रय किये जा रहे हो तो उसे अनुज्ञा में शामिल कराना सुनिश्चित करें।

# अंतर की राशि मिलने से जिले के किसानों में खुशी का माहौल

■ सगो बाई, मंगलराम और कैलाश राम ने कहा, मोदी की गारंटी हुई पूरी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 मार्च** । कृषि उन्नति योजना के तहत आज किसानों को आदान सहायता राशि वितरण समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से राज्य के 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि बटन दबाकर सीधे उनके खाते में अंतरित किया। मुख्यमंत्री के बटन दबाते ही किसानों के खाते में आदान सहायता राशि अंतरित होते ही जिले के किसानों में खुशी का माहौल है। जिले के कृषि उपज मंडी परिसर में कृषि उन्नति योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम शामिल होने पहुंचे कांकेर विकासखंड के ग्राम पुसवाड़ा निवासी किसान श्री कैलाश नेताम ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत 31 सौ रूपए में धान खरीदने का जो घोषणा की गई थी, उसके अनुरूप आज शासन द्वारा अंतर की राशि दी गई है। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हुई है। श्री नेताम ने बताया कि आज उन्हें मिलने वाली राशि का उपयोग अपने खेती कार्य को आगे



बढ़ाने और खेत के मरम्मत कार्य में उपयोग करेंगे। इसी प्रकार गढ़पिछवाड़ी निवासी महिला कृषक श्रीमती सगोबाई भी धान की अंतर राशि मिलने पर बहुत उत्साहित है। उन्होंने बताया कि इस राशि का उपयोग खेती कार्य में लगाकर और अधिक उत्पादन प्राप्त करेंगी। साथ ही घर के जरूरतों के साथ बच्चों के पढ़ाई-लिखाई में भी लगाएंगी। उन्होंने मोदी की गारंटी पूरा होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय को धन्यवाद दिया। कांकेर विकासखंड के ग्राम मरदापोटी के रहने वाले किसान श्री मंगलराम मंडावी ने बताया कि आज अंतर की राशि मिल रही है, जिससे वे बहुत खुश हैं। इस राशि से खेती कार्य में बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के श्री रामलला दर्शन योजना के तहत उन्हें अयोध्या जाने का मौका मिला और भगवान श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री साय को प्रति आभार प्रकट किया। इसी प्रकार तालाकुर्रा निवासी श्री नारायण जैन ने भी धान की अंतर की राशि मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि मोदी की गारंटी पुरी हुई।

### माह अप्रैल और मई का राशन अप्रैल में ही एकमुश्त किया जाएगा प्रदाय

**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 मार्च।** राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कस्टम मिलिंग के पश्चात् चावल उपार्जन के लिए गोदामों में पर्याप्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित करने सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत प्रचलित सभी राशन कार्डधारियों को माह अप्रैल एवं मई 2024 हेतु पात्रता अनुसार चावल का आबंटन एवं वितरण माह अप्रैल में एकमुश्त किये जाने का निर्णय लिया गया है।

समाचार संक्षेप

### नक्सलियों से न हो कोई वार्ता, इनका अंत ही मानव रक्षा का सही विकल्प है: फ़ारूख अली

**सुकमा 13 मार्च(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । नक्सलियों द्वारा लगातार ग्रामीणों,जनप्रतिनिधियों की हत्या पर आक्रोशित होते हुए समाज सेवी एवं नक्सल विरोधी फ़ारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा के नक्सली अब दरिंदे बन गये हैं इनसे कोई बातचीत नही सीधा ख़त्मा करना ही मानव रक्षा का सही विकल्प है। ज्ञात हो नक्सलियों द्वारा लगातार ग्रामीणों की हत्या की घटनाएँ सामने आ रही है,बीते कुछ दिनों मे भाजपा कार्यकर्ताओं समेत कई ग्रामीणों को नक्सलियों ने हत्या किया.दो दिन पूर्व बीजापुर ज़िले के कुटरू इलाक़े से एक ग्रामीण का नक्सलियों ने अपहरण किया था कल रात कुटरू के पास शव को सड़क के पास फेंक दिया.बीते दिनों भाजपा कार्यकर्ता की नक्सलियों द्वारा हत्या के बाद गृहमंत्री विजय शर्मा बीजापुर पहुँच कर मृतक के परिवार को सांत्वना देने पहुँचे थे,गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों को वार्ता का प्रस्ताव रखा था,उसके तुरंत बाद नक्सलियों ने कल रात एक ग्रामीण की हत्या कर दी,इस पर समाज सेवी एवं नक्सल विरोधी फ़ारूख अली ने बयान जारी कर कहा,नक्सली वार्ता के लायक़ नही हैं,जिस तरह से निर्दोष ग्रामीणों की हत्याएँ कर रहे हैं उनका अंत ही बस्तर हित मे सही होगा.फ़ारूख अली ने सरकार से अपील की है के निर्दोष ग्रामीणों की हत्यायें करके आतंक मचाने वाले नक्सलियों को देशद्रोह के दायरे मे रखकर उनका अंत करने ठोस रणनीति बनायें। फ़ारूख अली ने केंद्रीय गृह मंत्री से भी अपील की है के लगातार नक्सली बस्तर को जलाने की साज़िश कर रहे हैं बस्तर को नक्सलियों के आतंक से मुक्त करायें,साथ ही फ़ारूख अली ने जनता से भी अपील की है के नक्सलियों के ख़िलाफ़ आवाज़ उठायें,फ़ारूख ने कहा नक्सली बैकफुट पर हैं इसी लिए बौखलाहट मे हत्याएँ कर रहे हैं जनता हिम्मत दिखायें और नक्सलियों का विरोध करें।



### जिला पंचायत सीईओ ने प्रभारियों की ली बैठक



**सुकमा, 13 मार्च।** मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जिला पंचायत श्री लक्ष्मण तिवारी की अध्यक्षता में आज जनपद पंचायत सुकमा अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक, जिला एवं जनपद पंचायत के समस्त शाखा प्रभारियों की बैठक ली गई। जिसमें पंचायत एवम ग्रामीण विभाग अतंर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण किए जाने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दिये गये।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बारसूर के लिए विधायक ने किया भवन का लोकार्पण



**गीदम,13 मार्च।** आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बारसूर हेतु नये भवन का लोकार्पण लोकप्रिय विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी के कर कमलो द्वारा किया गया,इस दौरान विशेष तौर पर भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि व प्रशाशनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही 7 विधायक चैतराम अटामी ने कहा की भाजपा ने कहा है हमने बनाया है हम ही सवारेंगे पिछले 05 वर्षो में कॉंग्रेस ने सिर्फ स्कूलों का नामकरण किया हम नये स्कूल का लोकार्पण कर रहे है साथ ही विधायक चैतराम अटामी ने नए भवन में विभिन्न विषय के शिक्षकों की कमी दूर करने,पेयजल,शौचालय,बिजली,खेलकूद सामग्री,गार्डन और अन्य तकनिकी विषयो का जायजा लिया और अधिकारियों को उच्चतम व्यवस्था करने हेतु दिशा निर्देश दिए इसके साथ नए भवन के लिए शिक्षक,अभिभावक व् बच्चो को बधाई दी।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 मार्च।** पण्डित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना 2024-25 अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 10 मार्च को आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दी गई। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी है कि जिला स्तर की लिखित परीक्षा परिणाम संबंधी जानकारी हेतु जिला कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास शाखा एवं अपने विकास खण्ड अंतर्गत ''कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी अथवा कार्यालय मण्डल संयोजक, आदिवासी विकासखण्ड'' से परीक्षा परिणाम की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम से संबंधित दावा आपत्ति 14 मार्च दिन गुरुवार को जिला कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास शाखा में कार्यालयीन समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का पुनर्विचार नहीं किया जायेगा।

# खेलकूद प्रतियोगिता में उत्साह से शामिल हुईं महिलाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 13 मार्च।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री हरिस. एस के मार्गदर्शन में सोमवार 11 मार्च, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम, सुकमा में किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर 200 मीटर (दौड), गोला फेक, लंबी कूद, कबड्डी एवं रस्साकस्सी जैसे खेल का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जिला खेल अधिकारी श्री विरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 100 मीटर दौड़ में प्रथम कुमाटी अंजलि डी.ए.वी, सुकमा और द्वितीय नीतू नेताम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालाय सुकमा, तृतीय माड़वी प्रिया शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालाय सुकमा एवं 200 मीटर दौड में प्रथम अंजलि करटम, द्वितीय भाडवी कमला, तृतीय कुर्रम सुमन ने स्थान हासिल किया। इसी प्रकार गोला फेंक में प्रथम सोढ़ी अनिता, द्वितीय सोमडी मड़कामी, तृतीय- तीजा मांझी व लंबी कूद में प्रथम मनीषा सोढ़ी, द्वितीय बण्डी सरिता, तृतीयः भीमे साढ़ी तथा कब्डी मे प्रथम आर.एम.एस.ए छात्रावास सुकमा. व द्वितीय स्थान कन्या छात्रावास क्रमांक 02 एवं रस्साकस्सी में प्रथम शासकीय कन्या छात्रावास 01 ने तथा द्वितीय स्थान क्रमांक शासकीय कन्या छात्रावास 02 ने स्थान हासिल किया। इस समारोह मे अतिथि के रुप में श्रीमती बारसे माड़े सदस्य जिला पंचायत, सुकमा, श्री विश्वराज सिंह चौहान, श्री गौरव राठौर, श्री विक्रम देव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थिति थे। आयोजन को सफल बनाने के लिए कमल कोसरिया श्रीमती सुनंदा साहु, श्री मुकेश शर्मा, दीपक विश्वकर्मा, पी. नरेश, खेल शिक्षको व श्रीमती सीमा खान व श्रीमती ललिता मंडावी का विशेष सहायोग रहा।

### विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 44.5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 मार्च।** स्कूल शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में 16 आंगनबाडी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्रों में परिवर्तित करने के लिए एक-एक लाख रूपये के मान कुल 16 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला कार्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार कांकेर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेवरती, भीरावाही, पटौद, पुसवाड़ा, गढ़पिछवाड़ी, सिंगारभाट, दसपुर, मोहपुर, तेलावट, तालाकुर्रा, भैराडीह, डोमाहर्रा, कुरिष्टिकुर, धनेलीकन्हार, पीढ़ापाल और पोटगांव के आंगनबाडी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्रों में परिवर्तित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों को 01-01 लाख रूपये के मान से 16 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत इन्द्रप्रस्थ के नयागोण्डाहूर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 11 लाख रूपए और ग्राम पंचायत सिकसोड़ में उचित मूल्य की दुकान भवन निर्माण के लिए 10 लाख 50 हजार रूपए तथा भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बैजनपुरी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर द्वारा प्रदान की गई।

# खाते में पैसा आने पर किसानों ने साय सरकार का आभार माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 13 मार्च।** कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का वितरण हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजन किया गया। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 12 मार्च 2024 को सुकमा जिले के 13 हजार 930 किसानों को उपार्जित धान के अंतर की राशि 67 करोड़ 30 लाख 98 हजार 908 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई। राज्य स्तरीय कृषक उन्नति योजना कार्यक्रम का आयोजन बालोद जिले में किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश श्री मोहन यादव, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह वर्चुअल माध्यम से जुड़े। जिससे वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक, किसान जुड़ेगे। योजना का उद्देश्य राज्य में किसानों की आय, फसल उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाना एवं खेती की लागत को कम करना है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष प्रदेश के किसानों से 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई है। राज्य के किसानों को प्रति क्विंटल 2183 रूपये के दर से भुगतान भी किया जा चुका है। योजनान्तर्गत जिले से लाभान्वित हो रहे कृषकों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विड़ियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उक्त आयोजन जुड़े रहे। कार्यक्रम में विश्वराज सिंह चौहान, कोरसा सन्नू, जिला पंचायत सदस्य बारसे माड़े, डमरूराम नाग, जमुना माझी, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित कलेक्टर हरिस. एस, जिला पंचायत सीईओ लक्ष्मण तिवारी, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता, श्री पीआर बघेल उप संचालक कृषि विभाग, गौरव शर्मा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कृषक उन्नति योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2023-24 में राज्य के लगभग 24 लाख 72 हजार किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के अंतर की राशि 13,320 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों के बैंक खातें में अंतरित की जाएगी। कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में प्रति क्विंटल 917 रूपए के मान से अंतर की राशि दी जाएगी। जिले के किसानों ने प्रदेश सरकार का किया आभार व्यक्त- किसान गंगाराम नाग, सुनहेर बघेल, सीताराम नाग और रमेश नाग ने प्रदेश सरकार को 3100 प्रति क्विटंल और 21 क्विटंल धान प्रति एकड़ खरीदने के लिए व कृषक उन्नति योजना के तहत मंगलवार को आदान सहायता राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरित करने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

### 14 मार्च तक प्रस्तुत कर सकते है दावा-आपत्ति

**सुकमा, 13 मार्च।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वी मे अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु चयन परीक्षा रविवार को समय दोपहर 12ः00 से 02ः00 बजे तक परीक्षा केंद्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा मे आयोजन किया गया। जिसका परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है तथा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला-सुकमा के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। यदि किसी विद्यार्थी अथवा उनके पालकगण को कोई भी आपत्ति हो तो दिनांक 14 मार्च 2024 (दिन गुरुवार) शाम 05ः00 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला-सुकमा में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

### होली पर्व पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा 25 मार्च को होली (जिस दिन रंग खेला जाय) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने 25 मार्च दिन सोमवार को जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल. 4(क) व्यावसायिक क्लब एवं एफ.एल. 7 सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के लिए आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने सर्जरी विभाग में स्थापित छह नई मशीनों का किया उद्घाटन

**रायपुर. 13 मार्च** । पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबंद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एसीआई के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग को आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने हृदय, फेफड़े तथा संवहनी तंत्र (सर्कुलेटरी सिस्टम) से जुड़े रोगों के उपचार के लिए छह अत्याधुनिक उपकरण कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के अंतर्गत उपलब्ध कराए है। मंगलवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग में स्थापित इन अत्याधुनिक उपकरणों का विधिवत् उद्घाटन किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा, विधायक रायपुर ग्रामीण श्री मोतीलाल साहू, कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा श्री जनक प्रसाद पाठक, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त, अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. तृप्ति नागरिया, अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव, सीटीवीएस विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू समेत आईसीआईसीआई फाउंडेशन के जोनल हेड श्री विवेकानंद दुबे मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इन सभी उपकरणों का उद्घाटन करते हुए कहा कि आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा राज्य के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालय के कार्डियक सर्जरी विभाग को उपलब्ध कराए गए इन उपकरणों के माध्यम से हृदय, फेफड़े तथा संवहनी तंत्र के रोगों से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। इन मशीनों के




माध्यम से ओपन हार्ट सर्जरी एवं बाईपास सर्जरी की सुविधा और भी आसान हो जाएगी। उन्होंने रामायण के एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में यहां के डॉक्टर से लेकर नर्सिंग स्टॉफ, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं प्रबंधन से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी का योगदान उसी प्रकार महत्वपूर्ण है जिस प्रकार रामसेतु निर्माण में एक नन्हीं गिलहरी से लेकर प्रभु श्रीराम के साथ जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का योगदान था। विभागाध्यक्ष हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग डॉ. कृष्णकांत साहू ने उपकरणों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हार्ट सर्जरी आईसीयू के लिए अत्याधुनिक ऑडियो/विजुअल अलार्म, ईसीजी, आरईएसपी, एसपीओटू, एनआईबीपी, आईबीपी, और सीसीओ के लिए कॉन्फिगर किए गए वयस्क / बाल चिकित्सा के एरिदिमिया विश्लेषण हेतु फिलिप्स कंपनी के छह नग मॉनिटर एक सेंट्रल स्टेशन समेत प्रदान किए गए है। इसके साथ ही स्वचालित कैग्युलेशन टाइमर (एसीटी), इकोकार्डियोग्राफ, एक्मो मशीन, वॉल्युमेट्रिक पम्प एवं छोटे सर्जिकल प्रोसीजर के लिए एलईडी युक्त स्पॉट लाइट विभाग में स्थापित किया गया है। ये सभी मशीनें अपने आप में बहुत ही एडवांस है। कार्डियक सर्जरी विभाग की शुरूआत वर्ष 2017 में हुई उसके बाद अब तक हृदय, छाती, फेफड़े एवं खून की नसों के 1250 ऑपरेशन हो चुके है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू एवं जनपद सदस्य राजेश साहू समेत आईसीआईसीआई बैंक तथा आईसीआईसीआई फाउंडेशन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री साय ने जिले के 17142 किसानों के खाते में 93 करोड़ 10 लाख रुपये किए अंतरित



**बीजापुर 13 मार्च।** कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय ने आज प्रदेश के 24 लाख 72 हजार किसानों के खाते में 13320 करोड़ रूपये की राशि अंतरण किया। जिसमें बीजापुर जिले के 17142 किसान भी शामिल है। जिन्हे 93 करोड़ 10 लाख रूपये से अधिक राशि का उनके खाते में अंतरित हुआ। जिले में पहली बार 1 लाख मीट्रीक टन से अधिक धान का उपार्जन हुआ है। कृषक उन्नति योजना का जिला स्तर पर कार्यक्रम मिनी स्टैडियम में हुआ। वहीं भैरमगढ़, उसूर एवं भोपालपटनम के ब्लॉक मुख्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें जिले के हजारों की संख्या में किसानों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को सुना और राशि अंतरित करने पर बधाई दी।ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री ने प्रति क्विंटल धान की कीमत 31 सौ रूपए किए जाने की घोषणा की थी जिसके अंतर की राशि जल्द प्रदाय करने की बात की गई थी उसी घोषणा को अमल में लाकर आज किसानों को उनके अंतर की राशि प्रदाय की गई है।बीजापुर मिनी स्टैडियम में एलईडी स्क्रीन पर किसानों ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा वहीं कृषि, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुधन, मत्स्य एवं सहकारी समिति द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसका अवलोकन करते हुऐ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पाराव एवं जनप्रतिनिधियों ने विभागीय योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार कर किसानों को उन्नत कृषि के लिए प्रेरित करने की समझाइस दी गई। इस दौरान ग्राम पंचायत रेड्डी के निवासी प्रगतिशील कृषक श्री रतनैया मरकाम ने बताया कि वह 5 एकड़ कृषि भूमि पर खरीफ में धान के अलावा रबी मौसम में तरबूज, फूलगोभी, टमाटर सहित अन्य सब्जियां लगाते हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा उन्हे ड्रीप सिंचाई संयत्र, शेडनेट हाऊस, पैक हाऊस और मल्चिंग दिया गया है। खेती-किसानी में उन्नत तकनीक से अच्छी आमदनी होने की बात बताई। वर्तमान खरीफ वर्ष में रतनैया ने 80 क्विंटल धान बेचा है आज उन्हे अंतर की राशि मिलने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मोदी की एक और गारंटी आज पूरी हो गई है। प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय ने किसानों को उनके परीश्रम को सम्मान दिया है। इसके लिए वह उनके हृदय से आभारी हैं।छोटे तुमनार निवासी कृषक श्री लिंगुराम ठाकुर जो एक प्रगतिशील कृषक हैं लिंगुराम ने धान के कुल 64 देशी वैरायटी का बीज संग्रहण किया है जिसमें 22 प्रकार वैरायटी के संग्रहण हेतु कृषि विश्व विद्यालय दिल्ली से पुरूस्कार मिला है। लिंगुराम ने अंतर की राशि मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए किसानों के हित में बड़ा निर्णय बताया और किसान अब उत्साहित होकर कृषि कार्य को उन्नत तरीके से करेंगे ताकि अपनी आर्थिक प्रगति कर सके।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर जिले के किसानों को शुभकामनाएं दी कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने किसान अब बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। पहली बार जिले में 1 लाख मीट्रीक टन से अधिक धान का उपार्जन होने से सभी किसानों को बधाई देते हुए उन्नत कृषि को अपनाकर अपने आजिविका को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कहा कि सुशासन का सुर्योदय के तहत लगातार किसानों, महिलाओं, ग्रामीणों के हित में निरंतर निर्णय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिया जा रहा है। चाहे वह वर्षो पुराना रूका हुआ धान का बोनस हो, प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्के घर का निर्माण, महतारी वंदन योजना के तहत दी गई राशि और आज कृषक उन्नति के तहत अंतर की राशि मिला। बीजापुर जिले के किसान विपरीत परिस्थितियों में श्री अपना हौसला कायम रखते हैं। सिंचाई के स्त्रोत मैदानी जिलों से कम होने के बावजूद पैदावार में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है और जिला प्रशासन शासन के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान एक प्रगतिशील कृषक को ट्रेक्टर की चाबी सौंपा गया और एक कृषक को कृषि यंत्र प्रदाय किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न एजेंसियों द्वारा ट्रेक्टरों का प्रदर्शनीय भी लगाया गया था।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पाराव, पार्षद श्री नंदकिशोर राणा, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, पशुधन मत्स्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 1017 प्रकरणों का निराकरण



**बीजापुर 13 मार्च ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर एवं श्री विजय कुमार होता, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला द0ब0 दंतेवाड़ा (छ0ग0) के मार्गदर्शन में श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर पीठासीन अधिकारी, खण्डपीठ क्रमांक 01 बीजापुर, राष्ट्रीय लोक अदालत बीजापुर जिला बीजापुर (छ.ग.) द्वारा 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

श्री ताजुद्दीन आसिफ, पीठासीन अधिकारी खण्डपीठ क्रमांक-01, बीजापुर राष्ट्रीय लोक अदालत जिला बीजापुर द्वारा खण्डपीठ सदस्य श्री पी वेणुगोपाल राव अधिवक्ता एवं श्री लक्ष्मीनारायण गोटा अधिवक्ता की उपस्थिति में आपराधिक प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन से संबंधित प्रकरण का ÷राष्ट्रीय लोक अदालत÷ में शमन/प्ली बारगेनिंग/स्वीकारोक्ति के आधार परा निराकरण किया गया।तालुका विधिक सेवा समिति जिला बीजापुर के तारतम्य में ÷राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकरों में मध्य आपसी समझौता कराकर, आपराधिक 13 प्रकरण एवं राकाम्य लिखित अधिनियम के 06 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी पक्षकारों के मध्य राजीनामा कर 01 प्रकरण का निराकरण किया गया है तथा जिला बीजापुर के यातायात नियमों का उल्लंघन संबंधित ट्रैफिक 271 प्रकरण तथा आबकारी विभाग से 30 प्रकरण का निराकरण कर कुल 301 प्रकरणों में शासन के पक्ष में राशि 84200/ रूपये राजसात किया गया है। जिला बीजापुर के जलकर, विद्युत बिल बकाया राशि दूरसंचार विभाग के बकाया बिल एवं बैंक ऋण से संबंधित प्री-लिटिगेशन के कुल 1017 प्रकरण में समझौता राशि 85856/रूपए का भी निराकरण किया गया। जिले के राजस्व न्यायालय द्वारा भी खातेदारों के मध्य आपसी बटवारा मामला, नामांतरण मामला एवं अन्य राजस्व संबंधित मामले सहित कुल 1001 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायालयीन कर्मचारी श्री पीताम्बर सिंह मण्डावी प्रस्तुतकार, श्री सुरजीत कोरम सहायक ग्रेड-3, श्री सुनील कुमार मौर्य वाहन चालक, श्री विरेन्द्र भास्कर भृत्य एवं श्री डोमेन्द्र कुमार साहू, कोर्ट मोहर्रिर व श्री कैलाश चन्द्रवंशी कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित थे।

## डॉ.प्रियंका वर्मा को खरसिया एसडीएम का मिला प्रभार, प्रवीण तिवारी बने रायगढ़ एसडीएम

**रायगढ़, 13 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ और खरसिया अनुविभाग में एसडीएम के पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। जिसके अनुसार डिप्टी कलेक्टर श्री प्रवीण तिवारी को रायगढ़ एसडीएम बनाया गया है। वहीं संयुक्त कलेक्टर डॉ प्रियंका वर्मा को खरसिया एसडीएम का प्रभार दिया गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के प्रभार में भी फेर बदल किया है। जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त तहसीलदार खरसिया के पद पर पदस्थ डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा को जिला कार्यालय, रायगढ़ में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार लैलूंगा एवं अति.प्रभारी तहसीलदार मुकडेगा श्री नंदकिशोर सिन्हा को तहसीलदार छाल एवं तहसीलदार कापू का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। तहसीलदार पुसौर श्री शिवम पाण्डेय को तहसीलदार लैलूंगा एवं अति.प्रभार तहसीलदार मुकडेगा बनाया गया है। अतिरिक्त तहसीलदार रायगढ़ श्रीमती नेहा उपाध्याय को तहसीलदार पुसौर बनाया गया है। श्री मनोज कुमार गुप्ता को तहसीलदार घरघोड़ा बनाया गया है। श्री गिरीश निम्बालकर को नायब तहसीलदार रायगढ़, श्री सहोरिक को नायब तहसीलदार घरघोड़ा और श्री सर्वेश प्रसाद पटेल को नायब तहसीलदार मुकडेगा बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 160 जोड़े बंधे विवाह बंधन में



**महासमुंद।** महासमुंद के संजय कानन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पूरे विधि विधान से 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, सांसद प्रतिनिधि श्री संदीप दीवान, पार्षद देवीचंद राठी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री पवन पटेल सहित प्रतिनिधिगण नवविवाहित दम्पतियों को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य जीवन की शुभकामना दी और उपहार भेंट किए। विवाह कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहित परिजन मौजूद थे। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री समीर पाण्डे ने बताया कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीब परिवारों की लड़कियों की शादी के लिए राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 50 हजार रूपए का अनुदान सहायता राशि प्रदान किया जाता है। प्रति जोड़ा 50 हजार रूपए का व्यय किया गया है। इसमें प्रत्येक कन्या को 21 हजार रूपए की राशि बैंक खाते या बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 15 हजार रुपए की राशि के उपहार दिए गए है। विवाह आयोजन व्यवस्था और परिवहन पर प्रति कन्या 8 हजार रुपए, इसके साथ वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री पर 6 हजार रुपए व्यय किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को हाने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजुलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से मनोबल और आत्मसम्मान में बढ़ोतरी करना और सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है।

## मोटर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा योजना का समुचित प्रचार किया जाएःकलेक्टर

**रायगढ़, 13 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा योजना, 2022 के क्रियान्वयन के संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। उक्त योजना सोलाशियम योजना 1989 को अधिक्रमित करती है तथा मृत व्यक्ति के परिजनों को 2.00 लाख तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रूपये का मुआवजा देय होगा। कलेक्टर श्री गोयल ने हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा योजना, 2022 के जिले में क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नवीन योजना का समुचित प्रचार किया जाए। जिससे लोगों को योजना के बारे में जानकारी हो। साथ ही प्राप्त प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण हेतु नियमित रूप से योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के निर्देश दिए।बैठक में सीएमएचओ रायगढ़ डॉ.आर.एन.मंडावी, डीएसपी ट्रैफिक श्री रमेश चंद्रा, तहसीलदार रायगढ़ श्री लोमस मिरी, शाखा प्रबंधक द न्यू इंडिया इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड रायगढ़, समिति सदस्य श्री गौरव शर्मा व श्री कौशल कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी की किसानों को दी गई गारंटी हुई पूरी



**रायगढ़, 13 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसान हितैषी कृषक उन्नति योजना का राज्य स्तरीय शुभारंभ जिला मुख्यालय बालोद स्थित सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में हजारों किसानों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस कार्यक्रम में राज्य के लगभग 24 लाख 72 हजार किसानों को योजना के तहत 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की। जिला स्तरीय कार्यक्रम रायगढ़ के नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में आयोजित किया गया। जिसमें रायगढ़ जिले के 73 हजार 377 किसानों के खाते में 494 करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि आज वह शुभ दिन है, जब यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसान भाइयों के बैंक खातों में 13 हजार 320 करोड़ रुपए की आदान सहायता राशि का अंतरण किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में 24 लाख 75 हजार से अधिक किसानों के खातों में राशि भेजी जा रही है। इनमें से 24 लाख 72 हजार से अधिक वे किसान हैं जिन्होंने इस साल धान बेचा था। इन्हें 13 हजार 289 करोड़ रुपए की अंतर की राशि दी जा रही है। इसी तरह 02 हजार 829 धान बीज उत्पादक किसानों को भी बीज निगम के माध्यम से अंतर राशि, 31 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ने पर मुख्यमंत्री श्री साय ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने किसान भाइयों से किए गए वादे के अनुरूप अटल जी के जन्म दिवस, सुशासन दिवस पर 2 साल के बकाया धान बोनस 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किसान भाइयों के खातों में कर दिया है। 13 लाख से ज्यादा किसानों को बोनस का लाभ मिला है। मोदी जी ने गारंटी दी थी कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर गरीबों के लिए 18 लाख आवासों का निर्माण किया जाएगा। सरकार बनने के दूसरे ही दिन हमने कैबिनेट की बैठक में इस बारे में निर्णय ले लिया है, अप्रैल माह से तीव्र गति से मकान बनने शुरू होंगे। मोदी जी ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी। यह योजना भी शुरू हो चुकी है। परसों 10 मार्च को प्रधानमंत्री के करकमलों से राज्य की 70 लाख माताओं और बहनों के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर दी गई है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की मोदी जी ने वनवासी भाइयों से वादा किया था कि तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए कर देंगे। आज से ही इस योजना की भी शुरूआत हो जाएगी। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी जी ने जो दायित्व सौंपे हैं। उन्हें हम हर हाल में पूरा करेंगे। वर्चुअल माध्यम से जुड़े मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश चहुमुखी विकास कर रहा है। मोदी जी हर विभाग के लिए जनता के हित में बहुत सारे पैसे दे रहे हैं, इन पैसों को खर्च करने में हमारे पसीने छूट जाते हैं किसान हितैषी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा राज्य में किसानों से अपने वायदे के मुताबिक प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करने के साथ ही दो साल के धान के बकाया बोनस राशि 3 हजार 716 करोड़ का भुगतान भी किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में खेती-किसानी और किसानों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी ।

## मंडावी ने वीर आदिवासी योद्धा बाबूराव सड़मेक की 12 फीट ऊँची प्रतिमा का किया अनावरण



**बीजापुर, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंगलवार को भोपालपटनम के ग्राम लिंगापुर में वीर आदिवासी योद्धा बापूराव सड़मेक की जयंती के अवसर पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने वीर आदिवासी योद्धा बापूराव सड़मेक के 12 फिट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किया है। प्रतिमा का निर्माण विधायक निधि से की गई है जिसकी लागत 10 लाख रुपये है। प्रतिमा का निर्माण गाँव के मुख्य चौक पर किया गया है। वीर आदिवासी योद्धा शहीद बाबूराव सडमेक भारतीय इतिहास के सन 1857 का प्रथम स्वस्तंत्रता संग्राम में अंग्रेज हुकूमत की नींव को हिलाकर रख दिया था। उनका जन्म 12 मार्च 1833 को महाराष्ट्र के चंदा जिले के आहेरी के किश्तपुर में उनका हुआ था ।उनके पिता के वे सबसे बड़े पुत्र थे बाबूराव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा घोटुल में प्राप्त की और बाद में उन्हें अंग्रेजी शिक्षा के लिए रायपुर भेज दिया गया। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद वह मोलमपल्ली लौट आये और 18 वर्ष की उम्र में उनका विवाह राज कुँवर से हो गया। बाबूराव सडमेक का जीवन और विदेशी शासन के खिलाफ उनका विद्रोह आज भी आदिवासी समुदाय द्वारा मनाया जाता है। उनकी वीरता की निशानी के रूप में उनका जन्म और पुण्यतिथि प्रतिवर्ष मनाई जाती है। वीर सडमेक मात्र 25 वर्ष की आयु में गोंडवाना साम्राज्य के जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ब्रिटिश हुकूमत के सामने बहादुरी के साथ लड़े। अंग्रेजों ने उन्हें ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह का दोषी मानते हुए 21 अक्टूबर 1858 को उन्हें चंदा जेल में फाँसी दे दी गई।विधायक विक्रम मंडावी ने वीर आदिवासी योद्धा शहीद बाबूराव की जयंती पर उनका नमन करते हुए कहा कि आज का दिन आदिवासियों के लिए गर्व का दिन है की हम सब एकत्रित होकर वीर आदिवासी योद्धा शहीद बाबूराव की जयंती पर उन्हें नमन कर उनकी विशालकाय प्रतिमा का अनावरण किए है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते आवश्यकता है।

## थाना फरसेगढ़ एवं छसबल की कार्रवाई में 3 ईनामी माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में



चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 11/03/2024 को जिला बल एवं 13वी वाहिनी छसबल फरसेगढ़ की संयुक्त टीम द्वारा एरिया डॉमिनेशन के दौरान चिन्तनपल्ली से 03 माओवादियों को पकड़ने में सफलता मिली । 1. सुदरू कुरसम (डीएकेएमएस उपाध्यक्ष) पिता मुका कुरसम उम्र 35 वर्ष निवासी ओड़सनपल्ली थाना फरसेगढ़ जिला बीजापुर 2. वामन पोयाम (मिलिशिया कमाण्डर) पिता हिड़मा पोयाम उम्र 40 वर्ष निवासी ओड़सनपल्ली थाना फरसेगढ़ 3. राकेश मुड़मा(मिलिशिया सदस्य) पिता आयतु मुड़मा उम्र 20 वर्ष निवासी ओड़सनपल्ली थाना फरसेगढ़ जिला बीजापुरजो दिनांक 25/11/2023 को ग्रामीण से मारपीट करने एवं लूट की घटना में शामिल था । उक्त माओवादियो की गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10-10 हजार का ईनाम उद्घोषित किया गया था।उक्त के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

## लिप्सा के माता-पिता से मिले विक्रम मंडावी, दी आर्थिक सहायता



**बीजापुर, 13 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाई गई जांच कमेटी संयोजक पूर्व विधायक श्रीमती देवती कर्मा के नेतृत्व में चिंताकोंटा आश्रम पहुंची और घटना के संबंध मे सभी लोगों से आगजनी के कारणों की जानकारी ली मौजूद छात्राओं से भी पूछ ताछ कर उनका पक्ष.जाना यहां विदित हो गत दिनों चिंताकोंटा आवासीय आश्रम मे देररात शार्ट सर्किट से भीषण आगजनी हुई थी जिसमें एक मासूम चार साल की बच्ची जिंदा जल कर राख.मे तब्दील हो गई थी हालांकि इस भीषण आगजनी मे वहां रह रही 300 से अधिक छात्राओं को आग की.लपटो के बीच लोगों की मदद से बचा लिया गया जांच दल ने हर पहलुओ से जले आश्रम का अवलोकन किया साथ ही संबंधित अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली मासूम लिप्सा के पीड़ित परिवार से भी उसके गांव तिम्मापुर पहुंच कर माता पिता का पक्ष सूना इस दौरान घटना पर दुख जताते जांच दल के सदस्य और.विधायक विक्रम मंडावी ने पीड़ित परिवार को अपनी ओर ले आर्थिक मदद दी और कहा कि आगे जो भी संभव होगा सहयोग करेगें। जांच दल मे देवती कर्मा विक्रम मंडावी के अतिरिक्त शंकर कुडियम विमल सुराना लालू राठौर कमलेश कारम सहित बंसत ताटी और अन्य कांग्रेस पदाधिकारी साथ रहे।

# कलेक्टर के निर्देश पर टीआरएन एनर्जी प्रा.लि. पर 12 लाख पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित

**रायगढ़, 13 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ द्वारा उद्योग मेसर्स टी.आर.एन.इनर्जी प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-भेंगारी, तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ पर फ्लाई ऐश अधिसूचना के उल्लंघन पाए जाने पर 12 लाख रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किया गया है, साथ ही उद्योग के ऊपर विधिक कार्यवाही की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ के द्वारा उद्योग मेसर्स टीआरएन इनर्जी प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम भेंगारी, तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ को ग्राम-छोटे गुमडा, तहसील-घरघोड़ा, जिला-रायगढ़ में भू-भराव के लिए अनुमति प्रदान की गई थी। अनुभागीय अधिकारी (रा) घरघोड़ा के द्वारा 05 फरवरी 2024 को अनुमति प्राप्त भूमि के अतिरिक्त शासकीय भूमि में फ्लाई ऐश डाल दिये जाने संबंधी जानकारी कलेक्टर श्री गोयल के संज्ञान में लाया गया। कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। जिसमें उद्योग द्वारा अनुमति प्राप्त भूमि के अतिरिक्त शासकीय भूमि में फ्लाई ऐश डाला जाना पाया गया। इस संबंध में उद्योग को जल एवं वायु प्रदूषण अधिनियमों के अतंर्गत सुधारात्मक कार्य करने एवं स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी किया गया। तत्पश्चात् उद्योग द्वारा सुधारात्मक कार्य किये जाने की सूचना पत्र के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल को दी गई। मंडल द्वारा स्थल निरीक्षण करने पर फ्लाई ऐश अधिसूचना का उल्लंघन पाया गया था। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल के निर्देशानुसार क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कार्यवाही की गई।

## पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना लिखित परीक्षा परिणाम जारी

**रायगढ़, 13 मार्च।** पं.जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के लिए 10 मार्च को जिला मुख्यालय के लोकमान्य तिलक उ.मा.वि.चक्रधर नगर रायगढ़ में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 189 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ। इसमें से 149 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

प्रवेश संबंधी चेक लिस्ट अनुसार परीक्षा परिणाम की घोषणा किया जाना है। जिसमें यदि किसी विद्यार्थी अथवा पालक को परीक्षा परिणाम में कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना है तो वे अपना लिखित अभ्यावेदन 15 मार्च तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षा परिणाम का अवलोकन सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

# बाल मेला में सभी ने उत्साह से लिया हिस्सा



**रायगढ़, 13 मार्च।** संकुल लमडांड बरडीह व केकराझरिया का समन्वित रुप से माध्यमिक शाला केकराझरिया के प्रांगण में बाल मेला सह महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सदस्य मनोज सतपथी उपस्थित रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत केकराझरिया के उप सरपंच विनोद पटेल शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से आए खुलेश्वर द्वारा गतिविधि के साथ 10 तक गिनती रोचक ढंग से बच्चों शिक्षकों व अतिथियों को कराया गया, जिसमें सभी उत्साह के साथ भाग लिए शैक्षिक समन्वयक द्वारा विश्व महिला दिवस को याद दिलाते हुए महिला के विभिन्न रूपों व सभी क्षेत्रों में उनके कार्य कुशलता को विस्तार से बताया गया तथा सभी महिलाओं व उपस्थित लोगों को शुभकामना दिया गया। फिर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के भारत साव द्वारा बाल मेला के महत्व तथा उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया फिर तीनों संकुल के तीन-तीन विद्यालय व वहाँ के बच्चों को भाषा, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, ड्राइंग एंड पेंटिंग व आर्ट एंड क्राफ्ट विषय पर टी एल एम बनाकर प्रदर्शनी हेतु लगाए थे। इस हेतु प्रत्येक कॉर्नर के लिए एक शिक्षक को प्रभारी बनाया गया था जो विशेष रुचि लेकर अपने समूह के शिक्षक व बच्चों से आकर्षक टीएलएम बनाए व उसका उपयोग के बारे में अतिथियों, शिक्षकों, पालकों व अन्य बच्चों को एक्सप्लेन कर मजेदार ढंग से बताएं जो आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था। सभी सातों कॉर्नर का सभी के द्वारा अच्छे से अवलोकन के बाद सभी सातों कॉर्नर के प्रमुखों द्वारा अपने-अपने कॉर्नर से एक-एक नृत्य प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सरपंच ग्राम पंचायत केकरा झरिया द्वारा पेन पुरस्कार दिया गया तथा तीनों संकुल के शिक्षकों द्वारा प्रत्येक प्रस्तुति पर उनके ग्रुप लीडर व साथी शिक्षकों को मोमेंटो दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्य अतिथियों का उद्बोधन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि मनोज सतपथी के उद्बोधन का मुख्य केंद्र शाला के साफ-सफाई एवं बच्चों के स्तर अनुसार गुणवत्ता पर था आज के इस कार्यक्रम में 450 बच्चे, 44 शिक्षक शिक्षिका, 4 सरपंच, 23 शाला समिति के अध्यक्ष, 25 पालक, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रायपुर से आए खुलेश्वर व उनके साथी, 23 विद्यालय के रसोईया व स्वीपर भाग लिये। कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वाले शिक्षकों में गोपाल पटेल कन्हैया पटेल, अजय ठाकुर दामोदर पटेल पुनीलाल डेल्की श्रीमती कांति सिदार, श्रीमती साधना चौहान, श्रीमती सुभाषिनी भोय, श्रीमती यशोदा राठिया, नंदकिशोर सतपथी, जगमोहन पटेल, संतोष चौहान, श्रीमती सुजाता भोय, ईश्वर लाल यादव, लखन राम राठिया, मुरलीधर पटेल, सुरेश कुमार प्रधान, गौतम कुमार चंद्राकर एवं तीनों संकुल के सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शैक्षिक समन्वयक दयाराम बेहरा द्वारा किया गया।

## एक नजर

### मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी

**बलौदाबाजार, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत जिला बाल संरक्षण अधिकारी, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (जे.जे.बी.), आउटरीच वर्कर 2 पद संविदा रिक्त 5 पदों के लिए पात्र-अपात्र की प्राविधिक सूचीं जारी कर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदनों का निराकरण जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा की गयी है जिसके पश्चात् पदवार पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की गई हैं। जिसकी सूचीं संयुक्त जिला कार्यालय भवन महिला एवं बाल विकास विभाग शाखा के सूचना पटल पर चस्पा किया गया हैं। साथ ही जिले के वेबसाईट www.balodabazar.cg.nic.in में अपलोड किया गया हैं जिसका अवलोकन कर सकते है।

### चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 13 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी भारत लाल निषाद पिता प्रभु राम निषाद उम्र 23 वर्ष ग्राम गुड़ाघाट थाना भाटापारा ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराया की घटना 26 फरवरी की दोपहर 12 से 3 बजे के मध्य, कोई अज्ञात आरोपी इसके मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे नगदी रकम 5000 रुपए को चोरी कर ले गया है की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 160/2024 धारा 454, 380 भादवि 12 मार्च को कायम कर विवेचना में लिया गया! प्रकरण में अनुसंधान दौरान विशेष सूचना व जमीनी स्तर पर कार्रवाई कर, विशेष सूत्र से मिली जानकारी के आधार पर घटना में संलिप्त गांव के ही आरोपी नरेश निषाद एवं नकुल निषाद को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार, किए आरोपियों के निशानदेही पर चोरी गए मसरूका को बरामद कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों का पूरा नाम पता नरेश निषाद पिता रामकिशन निषाद उम्र 24 वर्ष ग्राम गुड़ाघाट, नकुल निषाद पिता भगवान निषाद उम्र 32 वर्ष ग्राम गुड़ाघाट है।

कृषक उन्नति योजना का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद से किया शुभारंभ

# प्रधानमंत्री मोदी की किसानों से की गई एक और गारंटी हुई पूरीः विष्णु देव साय

## छत्तीसगढ़ के 24.72 लाख किसानों के बैंक खाते में 13 हजार 320 करोड़ रुपए का हुआ अंतरण



- बालोद के 1 लाख 44 हजार 481 किसानों के खाते में 686 करोड़ 57 लाख की अधिक की राशि अंतरित
- 28 करोड़ की लागत के 65 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 13 मार्च।** आज छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ जिला मुख्यालय बालोद स्थित स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में हजारों किसानों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों हुआ। उन्होंने इस कार्यक्रम में राज्य के 24 लाख 72 हजार किसानों को योजना के तहत 13 हजार 320 करोड़ रूपए की आदान सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय द्वारा बालोद जिले के 01 लाख 44 हजार 481 किसानों के खाते में 686 करोड़ 57 लाख की अधिक की राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत राज्य के किसानों के खाते में आदान सहायता राशि का अंतरण होने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किसानों से की गई एक और गारंटी हुई है। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव राजनांदगांव में आयोजित समारोह में शामिल हुए और बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को भी उन्होंने सम्बोधित किया। समारोह में मुख्यमंत्री साय एवं अतिथियों के द्वारा 28 करोड़ रुपये के लागत के 65 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, सासंद मोहन मण्डावी, विधायक संगीता सिन्हा, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व विधायक भोजराज नाग, प्रीतम साहू, पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पवन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव एवं यज्ञदत्त शर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, कृष्णकांत पवार सहित संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सूरजनराम भगत सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# किसानों को सबसे ज्यादा आदान सहायता राशि देने का काम कर रही हमारी सरकार : टंकराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 13 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ एवं आदान सहायता राशि का अंतरण बालोद जिले में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में किया। कृषक उन्नति योजना के तहत जिले के 1लाख 56 हजार 713 किसानों के बैंक खाते में लगभग 799 करोड 66 लाख रुपये डीबीटी के माध्यम से आदान सहायता राशि का अंतरण किया गया। बलौदाबाजार स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मुख्य कार्यक्रम से जिला मुख्यालय एवं जनपद मुख्याल वर्चुअली जुड़े थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण है जिसमे किसानों को आदान सहायता के रूप में बड़ी राशि का अंतरण किया गया है। किसानों में उत्साह और खुशी का माहौल है। किसानों की चिंता करते हुए हमारी सरकार ने मोदी की गारण्टी के तहत एक और गारण्टी पूरी की है। इस गारण्टी के पूरे होने से अब किसानों को सबसे आदान सहायता राशि देने में हमारी सरकार सबसे आगे है। पूरे प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 मार्च को ही प्रदेश के लगभग 70 लाख महिलाओं के खाते में एक- एक हजार रुपये महतारी वंदन योजना की पहली किश्त का अंतरण किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान आदान सहायता राशि का बेहतर उपयोग करें। बड़े काम पूरा करने में खर्च करें। मंत्री वर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को सम्मानित व पुरस्कृत करने के लिए फिर से खेल अलंकरण समारोह की शुरुआत की जाएगी। संभवतः 14 मार्च को समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक सहायता देने के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना की भी शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने तथा विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सबकी सहभगिता जरूरी है।

## संकुल केंद्र दामाखेड़ा में न्योता भोज का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 13 मार्च।** विकासखंड सिमगा के संकुल स्त्रोत केंद्र दामाखेड़ा के शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला किरवई में न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह भोज श्रेष्ठ ग्राम पंचायत किरवई के पंचायत प्रतिनिधि सरपंच प्रेमिन देवराज देवांगन, उपसरपंच ओमप्रकाश साहू एवं ग्रामपंचायत के पंचों के सहयोग से आयोजित किया गया। न्योता भोज में खीर, पूड़ी, केला, आचार पापड़ एवं सलाद का वितरण किया गया, जिसमे 184 बच्चे लाभान्वित हुए। जिसमे हमारे विकासखंड सिमगा के विकासखंड शिक्षाअधिकारी एस. के. गेंदले, संकुल प्रभारी संजय श्रीवास्तव, संकुल समन्वयक रेशम वाडकर एवं संस्था के प्रधानपाठक भुवन लाल साहू तथा संस्था के समस्त शिक्षकों का अभूतपूर्व योगदान रहा। तत्पश्चात विकासखंड शिक्षाधिकारी एस. के. गेंदले द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों का आभार प्रगट किया गया एवं उपस्थित शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में इस प्रकार के आयोजन करते रहने हेतू आवाश्यक सुझाव सह दिशा निर्देश प्रदान किया गया।

# सामुदायिक भवन में महतारी वंदन कार्यक्रम आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 13 मार्च।** 10 मार्च को को सामुदायिक भवन, सिमगा नगर, विकासखंड सिमगा, में मुख्यमंत्री महतारी वंदन योजना अंतर्गत महतारी वंदन सम्मेलन आयोजित किया गया। उक्त आयोजन में 500 से अधिक महिलाओं द्वारा उपस्थित होकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा आशीर्वचन सुनकर कार्यक्रम सफल बनाया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्र वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत कर उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित नारी शक्ति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में संबोधन प्रदान किया गया। वर्चुअल माध्यम से जुड़े मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के द्वारा आशीर्वचन साझा कर एवं महतारी वंदन की प्रथम किश्त प्रदान कर सभी महिलाओं का उत्साह वर्धन किया गया।

बाल विवाह रोकथाम की शपथ ग्रहण के पश्चात विभागीय योजना की जानकारी प्रदान करते हुए, राशन कार्ड वितरण, रंगारंग प्रस्तुतियों, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, नारा वंदन, व्यंजन/भाजी प्रदर्शनी एवं स्वल्पाहार के साथ परियोजना अधिकारी सिमगा द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम पूर्ण किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु अनिल पांडेय, भागवत सोनकर, रमेश सोनी, चौहान, टोंडे, सरोज देवांगन, संतोषी निषाद, रुक्मणी साहू, नीरज जैन, राजेश सिंह, पत्रकार गण एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए। साथ ही तहसीलदार (सिमगा), महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं एवं अन्य स्टाफ के द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न किया गया।

## कान्यकुब्ज भवन में अखण्ड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने किया व्यंजन मेला का आयोजन

# 20 स्टालों में अलग-अलग व्यंजनों का प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 13 मार्च।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा 3 मार्च 2024 दिन रविवार को कान्यकुब्ज भवन 'पुष्प मंगलम' में व्यंजन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सभी ब्राह्मण समाज के लोग एवं भाटापारा वासी शामिल हुए। इस अवसर पर बिलासपुर और रायपुर अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के प्रांतीय पदाधिकारियों में प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी प्रदेश अध्यक्षा चित्रा तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष उषा मिश्रा पीठ परिषद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष झमन शास्त्री, वीरेंद्र शर्मा, भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बसंत भृगु भाटापारा मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा एवं अनेक पदाधिकारियों ने अपना कीमती समय देकर कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगाने का कार्य किया। सभी ब्राह्मण समाज के महिला एवं पुरुष अध्यक्षों ने इस कार्यक्रम में अपने पूरे समूह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के पुरूष अध्यक्ष अटल बिहारी त्रिवेदी, सरयू पारी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे, गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हर गोपाल गोपाल शर्मा एवं लालसोट ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम एवं अन्नपूर्णा माँ की पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। डॉ सीमा अवस्थी, चंद्र किरण शर्मा, श्वेता मिश्रा एवं शिवानी शर्मा के मंच संचालन ने आकर्षक ढंग से कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया। दीप प्रज्वलन के समय काशी विद्यापीठ में अध्यनरत बालक हर्ष मिश्रा ने मंत्रोच्चारण द्वारा द्वारा सभी देवी देवताओं का आवाहन किया, एवं सबके कल्याण की कामना की। ज्योति पांडे द्वारा भगवान गणेश की वंदना की गई। तत्पश्चात क्षमा मिश्रा ने अतिथियों के अभिवादन में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महिला वर्ग से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा शशि दुबे, लालसोट ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा सुशीला तिवारी, गौड़ ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा चंद्र किरण शर्मा, सरयू पारी ब्राह्मण समाज की अध्यक्षा निशा शर्मा ने अपने पूरे पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ मिलकर कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति भाटापारा की जिला अध्यक्षा स्वर्णलता त्रिवेदी, मार्गदर्शिका सीमा शिवरतन शर्मा, अंजू भृगु, भूतपूर्व अध्यक्षा आशा शर्मा, सुषमा मिश्रा, कोषाध्यक्ष सीमा तिवारी उपाध्यक्ष वंदना शैली, सचिव लक्ष्मी पांडे सहसचिव मीता शर्मा, भावना शुक्ला सरिता रानी शर्मा एवं ममता दीवान समस्त पदाधिकारीयों व कार्यकारिणी सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम की रूपरेखा देने में और कार्य रूप में परिणित करने में अपना अप्रतिम योगदान प्रदान किया। चारों ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ संयोजिकाओं में सुषमा भृगु, वृन्दा मिश्रा, विद्या मति दुबे एवं गीता शर्मा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम का गौरव बढ़ाया। इस आयोजन में कुल 20 स्टाल लगाए गए थे सभी में अलग-अलग व्यंजनों की थाल सजाई गई थी, इसके अलावा ठाकुर की पोशाक, पूजा सामग्री, कपड़ों, आभूषणों की दुकानों ने भी आगंतुकों का हृदय छू लिया। अलग-अलग प्रकार के गेम, लकी ड्रा कूपन में भी लोगों ने खूब आनंद उठाया। इसके अलावा मेले में स्वास्थ्यवर्धक मुखवास व उपचार की घरेलू दवाएं भी रखी गई थी, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया। नगर के प्रतिष्ठित व्याकरणाचार्य एवं धर्मज्ञ झम्मन शास्त्री ने इस मेले में अपना कीमती समय देकर अपने उद्बोधन में आगंतुकों को धर्मशास्त्र के आकर्षक गोते लगवाए एवं ब्राह्मणों को अपनी प्रतिष्ठा, सम्मान एवं मर्यादा बनाए रखने को प्रेरित किया।


**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202401211100073
अ-6 (अ) वर्ष 2023-24
ग्राम-पासीद प.ह.नं. 27

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अमरीका पिता श्री अजित जाति कुर्मी निवासी ग्राम पासीद तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पासीद प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 81, 86/2, 143/2, 164/2, 215/2, 30, 331/2, 702, 1001, 1064, 1214/2, 1279, 1767 रकबा क्रमशः 0.372, 0.096, 0.113, 0.127, 0.639, 0.040, 0.433, 0.352, 0.174, 0.085, 0.120, 0.349, 0. 445, हे. कुल खसरा नंबर 13 योग रकबा 3.345 हे. लगान 8.90 रूपये भूमि राजस्व अभिलेख एवं भूमि अधिकार ऋण पुस्तिका में दर्ज रहा है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि का वर्तमान में हल्का पटवारी से ऑनलाईन भुंईया से अभिलेख की नकल प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि आवेदित भूमि खसरा नंबर 331/2 रकबा 0.433 हे. भूमि त्रुटिवश अभिलेख से गायब होकर शासकीय भूमि के रूप में प्रविष्ट हो गया है। आवेदित भूमि किसान किताब तथा वर्ष 2007-08 की मैनुअल बी-1 खसरा में प्रविष्ट है जो वर्ष 2012-13 की खसरा पांचशाला में दर्ज है। उपरोक्त भूमि को आवेदिका के नाम पर दर्ज कर त्रुटि सुधार किये जाने तथा खसरा नंबर 339 रकबा 1.256 हे. भूमि जो आवेदिका के खाते में दर्ज हो गया है उसे विलोपित किये जाने हेतु शपथपत्र, ऑनलाईन बी-1, खसरा की नकल, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति, पुराना बी-1, खसरा की नकल सहित अनुविभागीय अधिकारी महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में जांच हेतु प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 20/3/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 20/3/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 6/3/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर — नायब तहसीलदार निपनिया



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202403092100026**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2023-2024

डोंगरगढ़ (प ह न. 00025),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सोहनलाल रहांगडाले,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोहनलाल रहांगडाले पिता चिन्धुजी रहांगडाले जाति पवार, निवासी कुम्हारपारा, वार्ड नंबर 01 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया है कि मेरे नाम से ग्राम डोंगरगढ़, प.ह.नं. 25 में खसरा नंबर 169/21 रकबा 0.012 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में मेरी जाति महार दर्ज है व वर्ग अनु. जाति जो कि त्रुटिपूर्ण है जबकि वास्तविक व सही जाति पवार है जो कि पिछड़ा वर्ग में आती है जो कि मेरे नाम से पंजीकृत ऋण पुस्तिका व शाला प्रमाण में दर्ज है। ऑनलाईन रिकार्ड में मेरी जाति महार व वर्ग अनु जाति दर्ज होने के कारण मुझे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व शासन के योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है। ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज जाति महार व वर्ग अनु. जाति को संशोधन कर पवार व पिछड़ा वर्ग दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ ऑनलाईन बी-1, पी.2, तलवाना, आधार कार्ड की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.03.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़



**कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (जिला निर्माण समिति)**

::मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना::

निविदा विज्ञप्ति क्र. 02/जि.नि.स./लो.नि.वि./23-24 — दन्तेवाड़ा, दिनाँक 11/03/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कटेकल्याण में 50 सीटर प्री.मै. कन्या छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। (बचत कार्य) | 46.43 | 20-03-2024 |
| | कुल 01 कार्य | | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

अपर कलेक्टर/नोडल अधिकारी
(जिला निर्माण समिति)
जिला दक्षिण बस्तर
दन्तेवाड़ा

जी- 08453/4



**कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)**

**//निविदा सूचना//**

क्रमांक 1946/निविदा/लोक/2023-24 — राजनांदगांव दिनांक 07/03/2024

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड नंबर 3 रवि दास मोहल्ले में युवराज जगने से शिव मंदिर तक नाला निर्माण कार्य। | 15.00 | 02.04.2024 |
| 2 | वार्ड नंबर 34 में अमरनाथ साहू के घर से मस्जिद तक नाला निर्माण कार्य। | 15.00 | |
| 3 | वार्ड नं. 19 वर्धमान नगर मदन जैन के घर तक शरद वर्मा के घर पी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 19.86 | |
| 4 | वार्ड नं. 19 शक्ति नगर 18 एकड़ से सागर गोलछा से लालू पटेल घर तक नाली निर्माण कार्य। | 19.83 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http//www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेंडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम राजनांदगांव



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा**

क्रमांक/ /तह./वा./24
सिमगा, दिनांक 07/03/2024
रा.प्र.क्र......../ब-121/2024
ग्राम- दामाखेड़ा प.ह.नं. 11

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक लीला राम साहू पिता पतिराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम दामाखेड़ा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी माता खेदिया बाई साहू पति पतिराम साहू का (मृत्यु) दिनांक 21/09/2012 को दामाखेड़ा दामाखेड़ा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 22/03/2024 को दावा आपति पेश कर सकता हैं। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 07/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एंव अनुविभागीय दण्डाधिकारी बड़ेबचेली, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

Sdmbacheli@gmail.com

रा.प्र.क्रमांक-202403161500002

**ईश्तहार**

आवेदिका कोसी पति लच्छू जाति-माड़िया, निवासी ग्राम-हितावर, तहसील-कुआकोण्डा, जिला द.ब. दन्तेवाड़ा के द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत आवेदन अनुसार स्वय एंव अन्य **सहखातेदार (1) लक्ष्मी पिता लच्छू (2) सुनीता पिता लच्छू के नाम ग्राम हितावर, प.ह.नं.-03 / मैलावाड़ा स्थित शमिलात खाते की भूमि खसरा नंबर 561, 562, 563/1, 563/2 जिनका रकबा क्रमशः 0.45 हे0, 0.27 हे0, 0.08 हे. एंव 0.14 हे. कुल रकबा 0.9400 हे. के वर्ष 2019-20** में भूमिस्वामी हक में दर्ज थी। जो कि वर्तमान चालू बी-1 या खसरा निकालने पर शासकीय भूमि दिखाये जाने की त्रुटि को सुधार करने का उल्लेख करते हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है निवेदन किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति **दिनांक 26.03.2024 को सांय 05.30 बजे तक** इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एंव पदमुद्रा से आज **दिनांक 07.03.2024** को जारी किया जाता है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बड़ेबचेली



**कार्यालय नगरपालिका परिषद, खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

palikakharsia@gmail.com — Tel Phone No. 07762-272277

क्रमांक /1479/न.पा.प./लो.नि.वि./2023-24 — खरसिया, दिनांक 12/03/2024

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री के माध्यम से निम्नांकित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

1. आवेदन करने की अंतिम तिथि - 28.03.2024 समय सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 04.04.2024 समय दोपहर 3.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने का समय एवं तिथि - 04.04.2024 सायं 4.30 बजे

| ग्रुप क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रू. लाख में) | अमानत राशि एफ.डी.आर./टी.डी.आर. के रूप में | निविदा प्रपत्र का मूल्य डी.डी. के रूप में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 13 में सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य (PWD Building SOR 01.01.2015) (अध्यक्ष/पार्षद मद) | 4.34 | 4350.00 | प्रपत्र (A) 750/- |
| 2 | वार्ड क्र. 07 राठौर सामाजिक भवन के पास नाली का स्लैब निर्माण कार्य। (अध्यक्ष/पार्षद मद) | 1.73 | 2000.00 | प्रपत्र (A) 750/- |
| 3 | वार्ड क्र. 07 में नारायण राठौर घर से निरंजर राठौर घर तक नाली निर्माण कार्य। (अध्यक्ष/पार्षद मद) | 1.75 | 2000.00 | प्रपत्र (A) 750/- |

टीपः- 1. अन्य शर्तें एवं नियम कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।
2. लिफाफा में uad.cg.gov.in से फार्म A डाउनलोड कर पूर्ण भरकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, ओव्हर राईटिंग कांट छांट निविदा प्राप्त नहीं किया जावेगा। एवं ऐसी निविदा प्रपत्र निरस्त कर दी जावेगी, निविदा खोलने की तिथि के निर्धारित समय में ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं, प्रत्येक निविदा प्रपत्र पर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। तथा लिफाफा प्रपत्र A निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य की डिमाण्ड ड्रफ्ट जो कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद खरसिया के नाम से देय होगा।
3. उक्त दिवस में निविदा खोलने संबंधित कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से सम्पन्न नहीं होने पर अन्य दिवस में निविदा खोलन की कार्यवाही की जावेगी। (नगर पालिका का समस्त करों का समय पर भुगतान करें।)

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खरसिया

# छत्तीसगढ़ में विकास का सर्वस्पर्शी मॉडल

## आध्यात्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन



राज्य की विष्णु देव साय सरकार ने अयोध्या स्थित भव्य मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्री रामलला दर्शन योजना शुरु की। राज्य में राजिम कुंभ (कल्प) का भव्य आयोजन पुन: शुरु कर छत्तीसगढ़ सरकार ने इसे वैश्विक पहचान दी है। इसी तरह धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में पांच शक्तिपीठों को विकसित करने के लिए पांच करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में 1 हजार किलोमीटर लंबी पर्यटन तीर्थ श्रृंखला विकसित की जाएगी। राज्य की रामायण मंडलियों को वित्तीय मदद मुहैया कराने के साथ बस्तर दशहरे को 50 लाख, चित्रकोट के लिए 10 लाख की जगह 25 लाख रुपये, रामाराम मेले के लिए 15 लाख रुपये तथा गोंचा पर्व के लिए 5 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता को इसी बात से परखा जा सकता है कि सरकार के गठन के अगले ही दिन 14 दिसंबर 2023 को पहली कैबिनेट में विष्णु देव साय सरकार ने 18 लाख 12,743 गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय लिया। योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक धनराशि का भी प्रावधान किया गया। वर्तमान में लगभग 15 लाख आवास के निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में विकास का सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी मॉडल देखने को मिल रहा है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति

विष्णु देव साय सरकार एक ओर सुशासन की दिशा में नीतिगत कदम उठा रही है, वहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अमल में ला रही है। पूर्ववर्ती सरकार में हुए पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। साथ ही EWO द्वारा भी इस घोटाले में जांच की जाएगी है। कोयला और शराब घोटाले में भी एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। इस तरह सरकार भ्रष्टाचार ख़त्म करने का प्रयास कर रही है।

### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वय पर जोर

सुशासन लोकतंत्र की आत्मा है। पं.दीनदयाल उपाध्याय ने सुशासन को अंत्योदय का आधार बताया है। इसी मंत्र पर आगे बढ़ते हुए राज्य में सुशासन एवं अभिसरण विभाग नाम से एक नया विभाग गठित किया गया है। यह विभाग राज्य में चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन व संसाधनों का उत्कृष्ट प्रबंधन करेगा। सरकारी योजनाओं की निगरानी तथा समीक्षा के लिए सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल शुरु किया गया।

### अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का अंत्योदय

पं.दीनदयाल उपाध्याय ने सुशासन को अंत्योदय का आधार बताया है। इसी मंत्र पर आगे बढ़ते हुए राज्य में सुशासन एवं अभिसरण विभाग नाम से एक नया विभाग गठित किया गया है। यह विभाग राज्य में चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन व संसाधनों का उत्कृष्ट प्रबंधन करेगा। सरकारी योजनाओं की निगरानी तथा समीक्षा के लिए सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल शुरु किया गया।

## विकास के 10 स्तंभों की संकल्पना

विष्णु देव साय सरकार ने अपने पहले बजट में छत्तीसगढ़ की इकोनॉमी को 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक ले जाने का रोडमैप प्रस्तुत किया है। 1 नवंबर 2024 को राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर सरकार के विजन डॉक्यूमेंट भी प्रस्तुत करेगी। इसमें 2047 तक छत्तीसगढ़ की तरक्की की कार्ययोजना का विस्तृत वर्णन होगा। राज्य सरकार ने बजट में प्रदेश के अर्थतंत्र को गति देने के दस स्तंभ चिन्हिंत किए हैं।

### अर्थतंत्र को गति देने के दस स्तंभ

1. ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था
2. तकनीक आधारित सुधार व सुशासन
3. आधिकारिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाना
4. प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन
5. सेवा क्षेत्र को बढ़ावा
6. निजी निवेश
7. बस्तर-सरगुजा की ओर देखो नीति
8. डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट पॉकेट्स का विकास
9. छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन
10. योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन

## "अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विजन @2047"

विजन डॉक्यूमेंट में राज्य हेतु संभावित विकास क्षेत्रों जैसे कि ईन्फास्ट्रक्चर विकास, कृषि आधुनीकीकरण, शिक्षा व कौशल विकास,GYAN आधारित विकास, निवेश को प्रोत्साहन, खनिज संसाधनों का प्रभावी उपयोग, रिन्यूवेबल एनर्जी, कॉटेज इंडस्ट्री विकास, प्रभावी फिस्कल व टैक्स पॉलिसी व तकनीक का उपयोग, छोटे एवं लघु उद्योगों को प्रोत्साहन, फूड प्रोसेसिंग मिलेट्स, टूरिज्म विकास, स्वास्थ्य व पोषण, जनजाति विकास, ग्रामीण विकास, नगरीय विकास हेतु रणनीति व कार्ययोजना का समावेश होगा। जिसके आधार पर संबंधित विभाग अपने-अपने सेक्टर में अपेक्षित प्रगति प्राप्त कर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना में महती भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

## विष्णु देव सरकार... 13 दिसंबर को ली शपथ और छत्तीसगढ़ में चल पड़ा विकास का सिलसिला






13 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ में खुशियों का नया सूर्योदय हुआ। राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की कैबिनेट के शपथ ग्रहण के साथ ही प्रदेश में विकास का सिलसिला चल पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए त्वरित और पारदर्शी निर्णयों से विष्णुदेव साय सरकार ने सुशासन को नया आयाम दिया है। किसान, युवा, महिला, गरीब, आदिवासी सहित सभी तबकों तक विकास की बयार पहुंच रही है।

मोदी की गारंटी
सुशासन के तीन माह

## युवा हितैषी सरकार

प्रदेश के युवाओं को शासकीय भर्तियों में निष्पक्ष और पारदर्शिता से युक्त परीक्षा का वातावरण मिले, इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। इससे भर्ती परीक्षाओं में न सिर्फ युवाओं का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि परिश्रम से वह अपने सपनों की उड़ान को पूरी कर सकेंगे। सरकार के गठन के पहले महीने में ही विष्णु देव साय सरकार ने प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकमत आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की अवधि को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ 31 दिसंबर 2028 तक मिलेगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस के जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग में भर्ती के लिए वर्ष 2018 में 2259 रिक्त पदों पर तथा अक्टूबर 2023 को जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के 5,967 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल पुरुष अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की गई है।



## आतंकवाद, नक्सलवाद और चरमपंथ पर ठोस प्रहार

छत्तीसगढ़ सरकार ने आतंकवाद, नक्सलवाद और चरमंथ को समूल नष्ट करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की तर्ज पर स्टेट इनवेस्टिगेशन एजेंसी का गठन किया जा रहा है। यह एजेंसी आतंकवाद, नक्सलवाद और वामपंथी उग्रवादी मामलों की प्रभावी और त्वरित जांच करेगी। इसके लिए एसआईए एनआईए के साथ समन्वय स्थापित करने वाली राज्य की नोडल एजेंसी होगी। नक्सल प्रभावित गांव के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा 16 फरवरी 2024 को नियद नेल्लानार योजना शुरु की गई है। इस योजना के जरिए सुदूर नक्सल प्रभावित गांव में 24 योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा चुका है। पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित गांव में पुलिस कैंप खोले जा रहे हैं। सुकमा के पूवर्ती समेत अन्य स्थानों पर यह पुलिस कैंप कानून व्यवस्था को मजबूती देने के साथ सुशासन के प्रकल्प बनकर उभरे हैं।

## भारत (बीएच) सीरीज के वाहन पंजीयन लागू कराए जाने का निर्णय

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में भारत (बीएच) सीरीज के वाहन पंजीयन लागू कराए जाने का निर्णय लिया गया। भारत सरकार द्वारा लागू बीएच सीरीज के तहत दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए एक बार में दो वर्ष का टेक्स जमा कराना होगा।

## डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसकी बानगी उस वक्त देखने को मिली जब राज्य की नवनिर्वाचित सरकार के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने प्रदेश का पहला डिजिटल बजट पेश किया। इससे शासन एवं प्रशासनिक कामकाज में डिजिटल अनुप्रयोग के लिए लोग प्रोत्साहित होंगे। राज्य में कोयले के परिवहन हेतु परमिट और स्वीकृति व्यवस्था मैन्युअल होने से पूर्व की सरकार के कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। ऐसे में विष्णु देव साय सरकार ने तत्काल इस पूरी व्यवस्था को ऑनलाइन कर भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मिसाल पेश की है। प्रदेश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए भारत नेट परियोजना के लिए 66 करोड़ रुपये, पीएम वाणी प्रोजेक्ट के लिए 37 करोड़ रुपये, एकीकृत ई-प्रोक्योरमेंट परियोजना के लिए 15 करोड़ रुपये और अटल डैशबोर्ड के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है। इस तरह छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है।

विगत 10 मार्च को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं के खाते में 'महतारी वंदन योजना' की पहले किस्त की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने माता- बहनों को शुभकामनाएं दीं।



## 'महतारी वंदन' योजना से हो रहा महिला सशक्तिकरण



महिला सशक्तिकरण विष्णु देव साय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के इतिहास में 12 मार्च 2024 की तारीख महिला सशक्तिकरण की दिशा में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो चुकी है। इस दिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 1,000 रुपये की पहली किश्त जारी की गई। विष्णु देव साय सरकार हर साल 12 हजार रुपये महिलाओं के खाते में जमा करेगी। भ्रष्टाचार के बिना हितग्राहियों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ डीबीटी का सबसे बेहतरीन उपयोग करने वाला राज्य बन चुका है। योजना का उद्देश्य प्रदेश में महिलाओं के साथ लिंगविभेद, असमानता खत्म करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस योजना का लाभ छत्तीसगढ़ निवासी विवाहित महिला, जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो, को मिलेगा। विवाहित महिला के साथ ही विधवा, तलाकशुदा, परित्यकता महिलाओं को भी योजना का लाभ मिल रहा है।

महतारी वंदन हेल्पलाइन- 0771-2220006 / 0771-6637711

## किसानों के चेहरे पर खुशी... छत्तीसगढ़ में धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य



छत्तीसगढ़ में धान की फसल यहां के किसानों के लिए तरक्की का आधार है। विष्णु देव साय सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी की मोदी की गारंटी को पूरा कर देश में किसानों को धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य देने का कीर्तिमान रच दिया है। किसानों के खाते में सीधे नगद लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए पैसा भेजा जा रहा है। खरीफ सीजन 2023 में किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ (3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से) 147 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई। इस तरह छत्तीसगढ़ ने देश में धान की खरीदी का रिकॉर्ड कायम किया है। राज्य में 13 लाख किसानों के खाते में धान के दो वर्ष के बकाया बोनस के रुप में 3,716 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। कृषक उन्नति योजना के जरिए किसानों को धान खरीदी की अंतर राशि 13,320 करोड़ रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। 24.72 लाख से अधिक किसान विष्णु देव साय सरकार की योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ सरकार के अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

- विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया शुरु मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।
- डिग्री हासिल करने वाले 246 एमबीबीएस एवं 21 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति दे दी गई है। इनमें से पचास फीसदी की नियुक्ति बस्तर एवं सरगुजा संभाग के लिए की गई है।
- स्वास्थ्य विभाग में 5 हजार से ज्यादा पदों पर पीएससी और व्यापम के जरिए भर्ती करने का निर्णय लिया गया है।
- एमबीबीएस एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों को आवेदन करने के 24 घंटे के भीतर नियुक्ति देने की घोषणा की गई है।
- कोल परिवहन के लिए ऑनलाइन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली - खनिज संसाधन से संपन्न छत्तीसगढ़ राज्य में कोल परिवहन की पारदर्शी प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली लागू की गई है।
- नियद नेल्लानार योजना (बस्तर के लिए) बस्तर संभाग के नक्सल पीड़ित क्षेत्र में स्थापित 14 नये कैंपों में नवाचार के रूप में इसके आसपास के 5 ग्रामों की मूलभूत आवश्यकता की दृष्टि से अधोसंरचना विकास एवं परिवारों के सम्यक विकास की कार्यवाही की जाएगी।
- कॉलेज के विद्यार्थियों को 6000 रुपए सालाना ट्रैवल एलाउंस अगले शिक्षा सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जाएगी। इसके अलावा कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को 6000 रुपए सालाना ट्रैवल एलाउंस मिलेगा।
- संस्कृत महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने का निर्णय शासकीय दूधाधारी श्री राजेश्री महंत वैष्णव दास स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने का संकल्प।
- आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए आईआईटी की तर्ज पर जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में इसी सत्र से प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन योजना लागू की जाएगी।
- 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी अगले शिक्षा सत्र में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।
- सभी जिला मुख्यालयों में एम्स की तर्ज पर उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों की स्थापना का निर्णय।

संवाद आर.ओ. 40024/92

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26